अखबार नहीं आईना...

# विजय मत

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

चैत्र नवरात्र एवं गुढ़ी पाड़वा की हार्दिक शुभकामनाएं...

www.vijaymat.com | भोपाल, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024 | वर्ष- 09 | अंक- 112 | पेज- 08 | मूल्य- ₹ 1.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### दिल्ली में ईसी के बाहर टीएमसी नेताओं का प्रदर्शन, डेरेन ओ ब्रॉयन को उठा ले गई पुलिस, 10 हिरासत में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में इलेक्शन कमीशन ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर रहे टीएमसी नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। डेरेन ओ ब्रायॅन को पुलिस उठाकर ले गई। 10 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल इलेक्शन कमीशनर से मिलने पहुंचा था। इसके बाद सभी धरने पर बैठ गए। सोमवार शाम को पुलिस ने नेताओं को उठा दिया। टीएमसी नेताओं ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को लेकर प्रदर्शन किया था। धरना देने वालों में टीएमसी के 5 सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष शामिल रहे। वहीं तीन पूर्व सासंद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास मौजूद रहे। इसके अलावा विधायक विवेक गुप्ता और टीएमसी युवा नेता सुदीप राहा भी धरना दे रहे थे।



### जीवन के अधिकार की गारंटी को प्रभावित करता है जलवायु परिवर्तन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा कि जलवायु परिवर्तन जीवन के अधिकार की संवैधानिक गारंटी को प्रभावित करता है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि जयवायु संरक्षण के उपायों पर ठोस कदम उठाए और नागरिकों को मिले अधिकारों को जीवंत रखे। सुप्रीम कोर्ट का एक बड़ा फैसला सामने आया जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि संविधान प्राकृतिक दुनिया के महत्व को पहचानता है। कोर्ट ने आगे कहा कि प्रकृति को बचाना संविधान के अनुच्छेद 51 ए के खंड (जी) को रेखांकित करता है. जिसके अंदर भारत के हर नागरिक का कर्तव्य है कि वो जंगलों, झीलों, नदियों और वाइल्ड लाइफ सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करे।



### इंडिया समूह में शामिल पार्टियां हैं भ्रष्ट और वंशवादी : नड्डा

**मदुरै, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस, द्रमुक सहित इंडिया समूह में शामिल पार्टियां निहायत भ्रष्ट हैं। तमिलनाडु में आगामी 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव के परिप्रेक्ष्य में मंदिरों की नगरी मदुरै में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कांग्रेस, द्रमुक सहित इंडिया समूह में शामिल सभी पार्टियां वंशवादी और भ्रष्ट हैं। प्रधानमंत्री ने सभी भ्रष्ट नेताओं को हटाकर जेल में डालने का वादा किया था। विपक्षी दलों के कई नेता या जमानत पर हैं या जेल में हैं। अगर लोग भ्रष्ट नेताओं को जेल में देखना चाहते हैं, तब उन्हें भाजपा को वोट करना चाहिए। श्री नड्डा ने अपने संबोधन में नरेंद्र मोदी द्वारा तमिलनाडु में लाई गई विभिन्न



### जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मिलकर लड़ेंगे नेकां और कांग्रेस : उमर अबदुल्ला

**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मिलकर लड़ेंगे। सोमवार को नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने इसकी घोषणा की। उमर ने बताया कि जम्मू की दो सीटों पर और लद्दाख की एक सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे, जिन्हें नेकां समर्थन करेगी। वहीं, कश्मीर की तीन सीटों पर नेकां अपने उम्मीदवार उतारेगी, जिसे कांग्रेस समर्थन करेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्य हैं। कांग्रेस ने जम्मू की सीट पर रमण भल्ला और उधमपुर सीट पर चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इन्हें अपना समर्थन दिया है। रमण भल्ला के नामांकन के दिन फारूक अब्दुल्ला स्वयं उनका पर्चा भराने पहुंचे थे। इसके साथ ही फारूक जम्मू में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार भी कर चुके हैं। कश्मीर में तीन सीटों में से एक पर नेकां ने अभी उम्मीदवार का ऐलान किया है।



## ग्वालियर में सीएम डॉ. मोहन यादव का राहुल गांधी पर तंज

# कांग्रेस फुस्सी बम की बत्ती जलाए जा रही, लेकिन वो जलती ही नहीं

**विजय मत, ब्यूरो ग्वालियर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुलैथ में भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के प्रचार के लिए ग्वालियर पहुंचे। सीएम ने कहा कि भारत सिंह नहीं मैं (मोहन यादव) यहां से चुनाव लड़ रहा हूं। मैं आश्वासन देता हूं आपकी हर बात पूरी होगी। यहां उन्होंने राम मंदिर के नाम पर वोट मांगे।

साथ ही कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज भी कंसा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस एक फुस्सी बम की बत्ती को बार-बार जलाने का प्रयास कर रही है, लेकिन बत्ती जलती ही नहीं है। राहुल गांधी को लेकर घूम रहे हैं। वो जहां से गुजरते हैं कांग्रेस साफ हो जाती है। सीएम मोहन यादव ने कुलैथ में कहा कि साल 2013 में कांग्रेस पार्टी जो देश पर राज कर रही थी आज उसकी राहुल गांधी ने बुरी हालत कर दी। तुम्हारी पार्टी पर तुमको विश्वास नहीं है तो कोई और या हम क्यों करें। इनकी ऐसी हालत हो जाएगी कि लोकसभा में इनके सांसद एक टेंपो में बैठकर पहुंचेंगे। इनकी इतनी संख्या कम हो जाएगी।



### किसानों के सम्मान की कही बात

सीएम मोहन यादव ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने किसानों का सम्मान किया है। नहर, पानी, बिजली दी है। हर महीने किसानों को एक निश्चित राशि उनके खातों में मिल रही है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के रूप में बिना ब्याज का पैसा मिल रहा है। साथ ही कहा कि कांग्रेस झूठ बोलती है भ्रम फैलाती है लाड़ली बहना का पैसा अब बंद हो जाएगा। मैं कहना चाहता हूं कि मां-बहनों को हम माता मानते हैं। कल से माताओं के दिन शुरू हो रहे हैं। लाड़ली बहनों को पैसा मिलता रहेगा।

### सुरेश बघेल व अजब सिंह कुशवाह भाजपा में आए

सीएम मोहन यादव ने मंच से बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व प्रत्याशी सुरेश बघेल और पूर्व विधायक अजब सिंह कुशवाह के भाजपा में शामिल होने पर उनको बधाई दी है। ग्वालियर लोकसभा के लिए कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद भाजपा ने चुनावी सरगर्मी तेज कर दी है। सीएम डॉ. मोहन यादव मुरैना सबलगढ़ से लौटते हुए ग्वालियर के तिघरा स्थित कुलैथ गांव पहुंचे हैं।

### सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक को याद कराया

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बाद प्रधानमंत्री बनाना है। पहली बार आपने वोट दिया था। उन्होंने दुश्मनों (पाकिस्तान) के दांत खट्?ठे किए थे। अंदर घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद दूसरी बार आपने वोट दिया तो सैकड़ों सालों से जो भगवान राम वनवास पर थे उनको उनका स्थान मिला।

### राम मंदिर के बाद दिया मथुरा का इशारा

अपने संबोधन में सीएम यादव ने कहा कि राम मंदिर बना यह तो सिर्फ झांकी है पिक्चर तो अभी बांकी है। राधे-राधे मथुरा भी चलना है। उन्होंने इशारों इशारों में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर को लेकर भी बात कही।

## शहडोल में बोले राहुल गांधी

# देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही



### हमारी सरकार आने पर किसानों का कर्जा माफ करेंगे

**विजय मत, सिवनी/शहडोल**

कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी शहडोल की चुनावी सभा में कहा कि हमारी सरकार बनने पर देश के किसानों का कर्जा माफ करेंगे। साथ ही किसानों को कानून समर्थन मूल्य देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले उन्होंने मंडला लोकसभा क्षेत्र के सिवनी जिले के धनौरा में कांग्रेस प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम के पक्ष में सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, आदिवासी इस देश के और इस जमीन के पहले मालिक हैं। राहुल ने कहा, मध्यप्रदेश में एक भाजपा नेता ने आदिवासी के सिर पर पेशाब किया। ये इनकी विचारधारा है। राहुल ने युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी, एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों को दोगुनी स्कॉलरशिप, किसानों को एमएसपी और गरीब महिलाओं के खाते में हर साल एक लाख रुपए जमा करने का वादा किया। राहुल ने आदिवासी वोटरों पर फोकस किया। उन्होंने कहा- जहां 50त्न आदिवासी आबादी है, वहां छठी अनुसूची लागू करेंगे, ताकि आदिवासी अपने निर्णय खुद ले सकें।

# भारत में बाजार पूंजीकरण पहली बार 400 लाख करोड़ के ऊपर पहुंचा

**मुम्बई, एजेंसी**

मुम्बई शेयर बाजार में सोमवार को सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एक नया रिकार्ड बना है। भारत में बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप (बाजार पूंजीकरण) पहली बार 400 लाख करोड़ के ऊपर पहुंच गया। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन इससे बाजार में भी उछाल रहा। इससे निवेशकों को काफी लाभ हुआ है। आंकड़ों पर नजर डालें तो गत नौ महीने में बाजार पूंजीकर में 100 लाख करोड़ रुपये की बढ़त आई है। इससे पहले पांच जुलाई को देश में बाजार पूंजीकरण 300 लाख करोड़ रुपये पहुंचा था। वहीं साल 2007 में बाजार पूंजीकरण 50 लाख करोड़ पहुंचा था जबकि साल 2014 में यह पहली बार 100 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा था। फरवरी 2021 में ये 200 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा था। बाजार पूंजीकरण में उछाल पिछले एक साल में शेयरों की तेजी से आया है। सार्वजनिक क्षेत्र के शेयरों में आई तेजी का इसमें सबसे ज्यादा योगदान रहा है। निफ्टी पीएसई इंडेक्स और निफ्टी सीपीएसई दोनों 12 महीनों में दोगुने से अधिक हो गए हैं। पिछले एक साल में निफ्टी पीएसई और निफ्टी सीपीएसई में 100 फीसदी से ज्यादा बढ़त रही है।



# केजरीवाल की जमानत याचिका पर फैसला आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर हाईकोर्ट मंगलवार को फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा दोपहर 2.30 बजे इस मामले की सुनवाई करेंगे। तीन अप्रैल को ईडी और केजरीवाल के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पहले कोर्ट में ईडी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में दायर याचिका पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि वे अपने खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में किसी विशेष अपवाद का दावा करने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव या सीएम के रूप में अपनी स्थिति का हवाला नहीं दे सकते।



## 500 साल बाद मनेगा राम जन्मोत्सव

# आज से रामनवमीं तक अयोध्या के सभी मंदिरों में गूजेंगे बधाई गान

**अयोध्या, एजेंसी**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में डूबी अयोध्या में अब रामजन्मोत्सव का रंग चढ़ गया है। 500 साल बाद भव्य महल में रामलला का जन्मोत्सव जो मनाया जाने वाला है। इसलिए इस बार उत्सव अलौकिक व भव्य होगा। मंगलवार से अयोध्या रामनवमी के उल्लास में डूब जाएगी। रामनगरी के आठ हजार मठ-मंदिरों में बधाई गान व विविध अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। राममंदिर आकर्षण के केंद्र में होगा। रामजन्मोत्सव की पावन बेला में रामलला चैत्र प्रतिपदा से रामनवमी तक खादी से निर्मित विशेष वस्त्र धारण करेंगे। वहीं, रामनवमी मेले के लिए श्रद्धालुओं का आगमन भी शुरू हो गया है। सोमवार को चैत्र अमावस्या पर एक लाख भक्तों ने सरयू स्नान कर नागेश्वरनाथ महादेव का पूजन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने पीपल वृक्ष का पूजन कर पति की दीर्घायु के लिए फेरे लिए। इसके बाद भक्तों ने रामलला व हनुमानगढ़ी में हाजिरी लगाई।



# मप्र के कई जिलों में बारिश, ओले भी गिरे

## भोपाल, सागर सहित कई जिलों में बदला मौसम

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश में फिर ओले-बारिश और तेज हवा का दौर शुरू हो गया है। सागर में दोपहर 3 बजे के बाद मौसम बदल गया। जिले के गौरझामर, देवरी और आसपास के इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। वहीं, भोपाल में सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर में बारिश हुई। रायसेन, सीहोर और विदिशा में भी बारिश हुई है। अगले चार दिन 11 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में हल्की बारिश होती रहेगी। अप्रैल में पहली बार साइक्लोनिक सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से स्ट्रॉन्ग सिस्टम की एक्टिविटी है। इस कारण आंधी, बारिश, ओले और आकाशीय बिजली की गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी भी आ रही है।



### भोपाल, सीहोर, शहडोल में ओलावृष्टि का अनुमान

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में भोपाल, सीहोर, बैतूल, रायसेन के सांची और भीमबेटका, सागर, दमोह, मंडला, सिवनी, कटनी, मैहर और सीधी में आकाशीय बिजली गिरने के साथ ओलावृष्टि होने का भी अनुमान जताया है। यहां 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। सिंगरौली, उमरिया और नर्मदापुरम में शाम के समय बारिश हो सकती है। छिंदवाड़ा, रीवा, शहडोल, अनूपपुर और पन्ना जिलों में भी हल्की गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

## वकीलों के व्यवहार से परेशान सीजेआई चंद्रचूड़, बोले

# कोर्ट में लंबित मामलों या फैसलों पर टिप्पणी करने की वकीलों की हालिया प्रवृत्ति बहुत परेशान करने वाली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने लंबित मामलों और कोर्ट के फैसलों पर वकीलों के कमेंट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वकीलों के इस व्यवहार से वे परेशान हैं। सीजेआई ने न्यायपालिका की अखंडता की रक्षा करने और संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए एक स्वतंत्र बार और बार एसोसिएशन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका के कंधे चौड़े हैं और वह प्रशंसा के साथ-साथ आलोचना भी सह सकती है। लेकिन लंबित मामलों या फैसलों पर टिप्पणी करने की वकीलों की हालिया प्रवृत्ति बहुत परेशान करने वाली है। उन्होंने कहा कि बार के पदाधिकारियों और सदस्यों को न्यायिक फैसलों पर प्रतिक्रिया करते समय यह नहीं भूलना चाहिए कि वे अदालत के अधिकारी हैं, आम आदमी नहीं। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका बार-बार अपनी स्वतंत्रता और गैर-पक्षपातपूर्णता पर जोर देने के लिए आगे आई है। उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बार की स्वतंत्रता के बीच घनिष्ठ संबंध है। एक संस्था के रूप में बार न्यायिक स्वतंत्रता, संवैधानिक मूल्यों और अदालत की गरिमा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। भारत जैसे जीवंत और तर्कशील लोकतंत्र में, अधिकांश व्यक्तियों की राजनीतिक विचारधारा या झुकाव होता है। वकील कोई अपवाद नहीं हैं। हालांकि, बार के सदस्यों के लिए किसी का सर्वोच्च हित पक्षपातपूर्ण हितों के साथ नहीं बल्कि अदालत और संविधान के साथ होना चाहिए।



## खास खबर

### पीएम मोदी बोले | आजादी के बाद कांग्रेस ने दशकों तक गरीबों को नजरअंदाज किया

# मेरे भाई-बहनों ने ही मोदी की गारंटी पर मुहर लगाई

**बस्तर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। उन्होंने बस्तर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, छत्तीसगढ़ ने मुझे अपना आशीर्वाद देने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। आप आज इतनी बड़ी संख्या में हमें आशीर्वाद देने आए हैं। आप लोगों ने न केवल भाजपा का गठन किया है। यहां सरकार ने बल्कि विकसित भारत की नींव भी मजबूत की है। बस्तर में रैली से पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। पीएम ने कहा, कई दशकों के बाद देश ने बीजेपी की स्थिर और मजबूत सरकार देखी है। हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता गरीबों का कल्याण थी। आजादी के बाद कांग्रेस सरकार ने दशकों तक गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया, कांग्रेस ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की, उनकी समस्याओं को समझा ही नहीं।



### मेरी माताएं-बहनें मोदी का रक्षक रक्षा

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के कथित लाठी मारने वाले बयान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, जब उनकी दुकान बंद हो गई, लूटने का लाइसेंस चला गया तब यह मोदी को गाली देंगे। तब मेरी रक्षा कौन करेगा। यह मेरे कोटि-कोटि देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मोदी का रक्षक रक्षा कवच बन गई हैं। मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तब से यह मोदी पर भड़के हुए हैं।

### मेरी पहली प्राथमिकता गरीबों की चिंता

भाजपा की पहली प्राथमिकता गरीबों की चिंता है। जब तक गरीब की चिंता दूर नहीं करूंगा चैन से नहीं बैठूंगा। 18 लाख गरीबों को आवास की स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ में रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। सीजीपीएससी घोटाले की जांच शुरू कर दी गई। आयुष्मान योजना की शुरुआत से लोगों को लाभ मिल रहा।

# डायपर की आदत कर रही नवजात की किडनी खराब, नहीं चलता पेशाब के बंद रास्ते का पता

## एम्स के बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग की प्रोफेसर का दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

छोटे बच्चों को डायपर पहनाने की आदत नवजात की किडनी पर बुरा प्रभाव डाल रही है। इनके कारण बच्चे के पेशाब के रास्ते के बारे में माता-पिता को पता नहीं चल पाता। विशेषज्ञों की माने तो अक्सर देखा गया है कि नवजात में पेशाब का रास्ता बंद होना, रास्ता ऊपर या नीचे होना, पेशाब बूंद-बूंद होकर आने की समस्या होती है, लेकिन डायपर के कारण समय पर इसके बारे में पता नहीं चल पाता। इसके कारण पेशाब का दबाव वापस किडनी पर पड़ता है जो उस पर बूरा प्रभाव डालता है। यदि समय पर इसका इलाज न करें तो किडनी भी खराब हो सकती है। इसके अलावा बच्चे की चाल भी खराब हो जाती है। यह समस्या कामकाजी माता-पिता, एकल परिवार में ज्यादा देखने को मिलती है। एम्स के बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग की प्रोफेसर डॉ. शिल्पा शर्मा का कहना है कि 300 में से एक बच्चे के पेशाब का रास्ता सीधा नहीं होता। यदि सर्जरी करके इन बच्चों के पेशाब के रास्ते को सीधा नहीं करते तो पेशाब का वापस दबाव किडनी पर पड़ता है। इससे किडनी खराब हो सकती है। अक्सर देखा गया है कि माता-पिता इस तरफ ध्यान नहीं देते और नवजात को डायपर पहना देते हैं। धीरे-धीरे समस्या बढ़ जाती है। जबकि पहले के समय में महिलाएं अपने बच्चे के पेशाब के रास्ते को देखती थीं। उनका कहना है कि बच्चे के पेशाब के रास्ते पर ध्यान देना चाहिए।



कार्यालयः भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट



### प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

शहडोल। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र सीधी के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी के लिए लोकसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक अभिषेक कृष्णा ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनों हेतु बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा निर्वाचन से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

### अतिरिक्त बी.यू. का प्रथम सप्लीमेन्ट्री रेंडमाइजेशन संपन्न




शहडोल। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर एवं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्थानीय सूचना एवं विज्ञान केंद्र शहडोल में अतिरिक्त बी.यू. का प्रथम सप्लीमेन्ट्री रेंडमाइजेशन सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अमृता गर्ग, निर्वाचन सुपरवाइजर संजय खरे,राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, रविंद्र वर्मा, अनूप शर्मा, मुकेश जेठानी सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### खेत खलिहानों में लग रहे मतदान सेल्फी प्वाइंट




शहडोल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के विभिन्न ग्रामों पंचायतों व नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत झिरिया, तेंदुआढ व अन्य ग्राम पंचायतों के पेसा मोबिलाइजरों द्वारा खेत, खलिहानों में पहुंचकर मतदान हेतु मतदाता जागरूकता की सेल्फी प्वाइंट बनाया जा रहा है तथा मतदाता उत्साहपूर्वक सेल्फी लेकर मतदान का संदेश दे रहें। साथ ही पेसा मोबिलाइजरों द्वारा पीला चावल देकर 19 अप्रैल को मतदान करने हेतु आमंत्रित किया गया।

### वाहनों की गई जांच, 25500 रूपये का लगाया गया जुर्माना

शहडोल। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला




निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला परिवहन कार्यालय के मैदानी अधिकारियों द्वारा जयसिंहनगर-गोहपारू मार्ग के बीच वाहनों की जांच की गई तथां ओवरलोड, रजिस्ट्रेशन प्लेट न होने एवं लाइसेंस न होने पर 8 वाहन मालिको के विरूद्ध 25500 रूपये का जुर्माना लगाया गया। इस कार्यवाही में सब इस्पेक्टर श्रीमती मीनाक्षी गोखले, रामसजीवन बैगा व अन्य मैदानी अमला शामिल था।

हेलीकॉप्टर का प्यूल खत्म होने पर शहडोल मे राहुल गांधी ने गुजारी रात

# दो विचार धाराओं की लड़ाई: राहुल



विजय मत, शहडोल।

शहडोल।लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार करने राहुल गांधी संभागीय मुख्यालय शहडोल आये थे, चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद उन्हें जबलपुर जाना था। खबर मिली है कि उनके हेलिकाप्टर का पेट्रोल खत्म हो गया, जिसकी वजह से राहुल गांधी रात शहडोल में रूक गए। वहीं शहडोल लोकसभा सीट को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आप दूर-दूर से आएं हैं, आपको दिल से धन्यवाद। उन्होंने कहा कि यह दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है, एक तरफ कांग्रेस पार्टी दूसरी तरफ भाजपा। हम आपको आदिवासी कहते हैं, वो आपको वनवासी कहते हैं।

### महिलाओं के खाते में आयेंगे 1 लाख

राहुल गांधी ने आदिवासी बाहुल्य शहडोल में बीजेपी पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के बीजेपी नेता आदिवासियों के सिर पर पेशाब करते हैं। राहुल ने यहां महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्र अगर सत्ता में आई तो, हर महिला के बैंक एकाउंट में एक लाख रुपए डाले जाएंगे। महिलाओं को कांग्रेस सरकार हर साल एक लाख रुपए देगी जिसके लिए महालक्ष्मी योजना चलाई जाएगी। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान राहुल पहली बार मध्यप्रदेश आए हैं। उनकी यहां पहली सभा आदिवासी बाहुल्य मंडला लोकसभा क्षेत्र के धनोरा (सिवनी) में हुई। इतिहास बदलने का प्रयास आदिवासी का मतलब जो इस देश के इस धरती के पहले वारिस हैं, देश में उन्हें जल, जंगल और जमीन का हक मिलना चाहिए, क्योंकि वह हिंदुस्तान के पहले मालिक और निवासी हैं। भाजपा कहती है कि आप वनवासी हैं, वनवासी का मतलब जो जंगल में रहते हैं। वनवासी का मतलब जो जंगल में रहते हैं, उन्हें ना जमीन का हक है, ना जंगल का हक है और ना जल का हक है। उन्हें कोई अधिकार नहीं मिलनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि जब जंगल ही गायब हो जाएंगे तो आप कहा जाएंगे, हमारे लिए आप आदिवासी हो। हिंदुस्तान के पहले मालिक हैं। यह आपका इतिहास है, आपके इतिहास को बदलने की कोशिश की जा रही है।

### राहुल गांधी, भाजपा को वाक ओवर देकर अपनी लाज बचाने की भाजपा नेता ने दी सलाहः कैलाश

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश तिवारी ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के शहडोल आगमन पर उन्हें सलाह दी है कि भारतीय जनता पार्टी को वाक ओवर देकर अपनी पार्टी की लाज बचाये क्योंकि देखा गया है की विगत 10 वर्षों के दौरान जब से श्री मोदी ने केंद्र में सत्ता संभाली है तब से कांग्रेस केंद्र से लेकर राज्यों में लगातार गिरावट की स्थिति में है तथा इस बार भी जनता के रूख से स्पष्ट दिख रहा है कि भारतीय जनता पार्टी को 400 से ज्यादा सीट प्राप्त होगी। ऐसे में कांग्रेस के पास एकमात्र चारा है कि वह वॉक ओवर देकर अपनी पार्टी की दुर्दशा होने को सार्वजनिक होने से बचा ले।

### राहुल गांधी शहडोल में ही रुक रहे हैंः जीतू पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोसल मीडिया के एक्स हैंडल पर लिख है कि देश के संघर्षशील जननायक राहुल गांधी की उपस्थिति ने शहडोल की उम्मीदों को नई ऊंचाई दी है। जन-अधिकारों की इस लोकप्रिय व निर्णायक आवाज को सुनकर समूचा अंचल गौरव का अनुभव कर रहा है। मौसम में आई खराबी के कारण राहुल गांधी का हेलीकाप्टर उड़ान नहीं भर पा रहा है। इसलिए, आज वे शहडोल में ही रुक रहे हैं। इससे स्वाभाविक है देश की दिशा और गति को लेकर उनके अनुभव और विजन से मप्र कांग्रेस अतिरिक्त रूप से लाभान्वित होगी। श्री पटवारी ने बताया कि 9 अप्रैल की सुबह लगभग 6 बजे श्री गांधी अपने गंतव्य को हेलीकॉप्टर से रवाना हो जायेंगे।

प्रधानमंत्री सड़क योजना में परफार्मेंस गारंटी के बाद भी सड़क की हालत खस्ता, कब और कैसे होगा सुधार

# विभागीय अधिकारी जांच के नाम पर कर रहे खानापूर्ति



विजय मत, शहडोल।

ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाने के लिए दो दशक पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शुरू की गई थी। जिसमें हर गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने का काम शुरू किया गया। वर्तमान समय में स्थित यह है कि काफी समय से सड़क निर्माण के लिए बजट का ही आवंटन नहीं हो सका है। ऐसे में अब सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। स्थिति यह हैं कि इनमें चलना मुश्किल हो गया है। यही नहीं जिन सड़कों का निर्माण चार साल से लेकर अब तक कराया गया वह परफार्मेंस अवधि में ही गड्डों में तब्दील हो गई है।हालत यह है कि जिले की 100 से अधिक सड़कें चलने लायक नहीं बची है।

वहीं अधिकारियों ने भी इनकी जांच कराना उचित नहीं समझा है और अब इनके पांच साल पूरे होने का इंतजार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी कर रहे है। खास बात यह है कि एक ओर फार्मेस के नाम पर पैच लगाने की खानापूर्ति की जा रही है, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को बजट का आवंटन ही नहीं हुआ। ऐसे में सड़कों का निर्माण तो दूर की बात हो गई है उनका सुधार कार्य भी नहीं हो रहा है।

### गुणवत्ता का नहीं रखा गया ध्यान

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क लम्बे समय तक सही रहती है। हालांकि इस सड़क को देख ये धारणा अपने आप खत्म हो जाती है कि सरकारी सड़क निर्माण में गुणवत्ता का खासा ध्यान रखा जाता है, सड़क का निर्माण मानक के अनुरूप होता है, लेकिन सड़कों की हालत देख लोगों का यह यकीन डगमगाने लगा है।

### यहां है सड़के खराब

जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत झारा से ग्राम पंचायत लखनौटी की रोड की सड़क अनुमानित कीमत 15 लख रुपए, ग्राम रामसोहरा से सरवारी मार्ग अनुमानित कीमत लगभग 24 लख रुपए, ग्राम कुदरी से बचहा रोड अनुमानित कीमत 21 लख रुपए, जनपद पंचायत बुढ़ार के अर्झुला ग्राम रोड अनुमानित कीमत 18 लख रुपए सहित और विभिन्न प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनाए गए सड़कों की हालत जर्जर है। परंतु जिम्मेदारों को होस्ट तक नहीं है।

### ओवरलोड के कारण खराब हो रही सड़कें

स्थानीय लोगों की मानें तो ओवरलोड के कारण सड़क की हालत खराब हो रही है, वहीं इस सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। सड़क खराब होने से हादसे बढ़ते हैं. बता दें कि इस रोड से करीब 10-12 गांव जुड़े हैं, इस रोड से होकर लोग 50 के स्पीड में चलने पर दोपहिया गाड़ी लहराने लगती है. जिसकी वजह से राहगीर गिरकर दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने इस रोड मरम्मत की मांग सरकार से की है।

### लोगों का कहना है

ग्राम लखनौटी के सुंदर प्रसाद ने कहा कि शासन एवं प्रशासन दोनों ही किसी भी काम के नहीं है। ठेकेदार अपने मनमर्जी से सड़क का निर्माण करते हैं परंतु जिम्मेदार अधिकारी गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देते हैं, अधिकारियों की मिली भगत का नतीजा है किस सड़क एक साल में ही जर्जर हो गया।

सरवारी निवासी हजारी प्रसाद का कहना है कि यह अधिकारियों के गलती का नतीजा है कि टेंडर देने के बाद दोबारा अधिकारी फिर कर भी नहीं झांकते कि ठेकेदार कैसा कार्य कर रहा है, सड़क की गुणवत्ता का कोई परीक्षण नहीं होता और इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। इसी प्रकार राजेश सोनी, विकास सिंह, राजन गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों ने भी अपने-अपने राय दिए।




## आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, सुनिश्चित करें अधिकारी: प्रेक्षक

### निर्वाचक प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों की ली बैठक

विजय मत, शहडोल।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र सीधी के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी के लिए लोकसभा निर्वाचन हेतु नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक श्री अभिषेक कृष्णा ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त नोड्ल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निर्वाचन प्रेक्षक ने नोड्ल अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन कराए और किसी भी स्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन न हो यह नोड्ल अधिकारी सुनिश्चित करें।

निर्वाचन प्रेक्षक ने मतदान कर्मियों के आने-जाने की व्यवस्थाएं बेहतर रहें। उन्होंने कहा कि मतदान कर्मियों द्वारा डायरी जमा करते समय सभी जानकारी पूर्ण रहें यह परीक्षण कर लेंगे। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सिलिंग की कार्यवाही समय पर कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन प्रेक्षक ने कहा कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों में सुरक्षा बल तैनात रहें यह सुनिश्चित करेंगे। बैठक में निर्वाचन प्रेक्षक ने मतदाता सूची का प्रकाशन, कुल मतदाता, बेवकास्टिंग, पोस्टल बैलेट, कम्यूनिकेशन प्लान, बाउण्ड ओव्हर की कार्यवाही, जप्ती, सी-विजिल एवं 1950 में दर्ज शिकायतों, एमसीएमसी, एसीसी जैसे अन्य निर्वाचन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त की। उक्त कार्यवाहियों के संबंध में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता गर्ग के विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एंटोनियों एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रगति वर्मा, नरेंद्र सिंह सहित निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त नोड्ल अधिकारी उपस्थित रहें।

# अंतर्राज्यीय पशु तस्कर द्वारा यहां पशु तस्करी को दिया जा रहा अंजाम, पुलिस की मिली भगत का आरोप

विजय मत, ब्यौहारी।

शासन प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी पशु तस्करी पर स्थानीय पुलिस लगाम लगा पाने में नकाम सबित होती नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि अंतर्राज्यीय पशु तस्कर जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के कई थानो मे पशु तस्करी का मामला क़ायम है। वह इन दिनों ब्योहारी क्षेत्र मे अपना अड्डा बनाकर कुछ स्थानीय लोगों के साथ मिलकर पशु तस्करी को अंजाम दे रहा है। रात 10 बजे के बाद से लेकर सुबह 4 बजे तक उक्त लोगों को सड़क मे घूमते हुए भी देखे जाने की बात यहां जनचर्चा में बनी हुई है। कुछ लोगों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि उक्त तस्कर यहां पुलिस से सांठगांठ कर थाने के सामने से गाड़ी निकलवाने का कार्य करता है। प्रतिदिन ब्योहारी थाना के सामने से 6 से 7 गाड़ी पशुओं को लोडकर निकाली जाती है। किन्तु पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।




समाचार के माध्यम से स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन से मांग की गयी है। कि मामले को गंभीरता से लेते हुए यहां रहने बाले चिंहित पशु तस्कर को पकड़ कर पूछताँछ करते हुए उसके खिलाफ कार्यवाही करें। जिससे यहां पशु तस्करी पर लगाम लग सके।

### 78 चालानों में 32,000 रूपये समंस शुल्क वसूले

शहडोल। शहडोल पुलिस द्वारा बीते दिवस बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वालेए बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 78 चालानों में 32,000 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाई पूर्वक निर्देशित किया गया।

### 07 स्थानों से 109 लीटर अवैध शराब जप्त

शहडोल। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शहडोल श्री कुमार प्रतीक द्वारा शहडोल जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में बीते दिवसअवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 07 स्थानों पर दबिश देकर कुल 76 लीटर कच्ची महुआ शराब 33 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई।

## अनदेखी

लाखों खर्च के बाद भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

# संभाग के लिये शो-पीस बनकर रह गयी नल-जल योजना



विजय मत, शहडोल।

जिले में गर्मी आते ही दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में पेयजल की समस्या बढ़ जाती है जिससे ग्रामीण झिरिया और गड्ढों में भरे पानी से अपनी प्यास बुझाते हैं। शहडोल के जयसिंहनगर जनपद पंचायत अंतर्गत कीट, नौढिया, गोहपारू के रसमोहनी, चुहिरी सहित अन्य ग्राम जहां नल जल योजना के तहत जगह-जगह पर पाइप लाइन बिछा दी गई है। पानी की टंकी का निर्माण भी लाखों की लागत से हो गया है। लेकिन वह शो पीस बनती हुई नजर आ रही है। क्योंकि जिस वजह से पानी की टंकी का निर्माण कार्य हुआ था, वह तो अभी तक हुआ ही नहीं। यानी कुल मिलाकर पानी की टंकी तो बनाई गई, लेकिन सप्लाई नहीं हो पा रही है। लोगों के घरों तक साफ पानी तो क्या पानी की एक बूंद नहीं आ रही है।

### पाइप लाइन को सुधारने नही होता कार्य

आपको बता दें कि जगह-जगह बिछी पाइप लाइन बिल्कुल पूरी तरह से टूट चुकी है। जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पाइप लाइन को सुधारने का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिसकी वजह से उनके घरों तक पानी नहीं आ पाता है। वहीं, पानी की टंकी सिर्फ बनाई गई है, न तो उसको शुरू किया जाता है और न ही लोगों को समस्या सुनी जाती है।

### मेंटेनेंस न होने की वजह से ऐसा कार्य

यह केवल एक गांव की हालत नहीं है। क्योंकि यह पूरे जिले के हालात बयां करते हैं। जहां इसी प्रकार पाइप लाइन का कार्य तो हो चुका है, लेकिन अधिकतर जगह सही अवस्था में नहीं चल रही है। अगर किसी गांव में पानी की टंकी बनाकर नाल चालू हो गया है तो वह कुछ दिन बाद ऑटोमेटिक बंद हो जाता है। क्योंकि लीकेज की समस्या सबसे बड़ी है, जहां मेंटेनेंस न होने की वजह से ऐसा कार्य हो रहा है।

### शो-पीस बनी नल-जल योजना

जिले में नल-जल योजना के तहत बनाई गई पानी टकियां भी शो-पीस साबित हो रही हैं। अधिकांश क्षेत्रों में प्रोजेक्ट तैयार होने के बाद भी पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पीएचई विभाग की कमजोर मॉनीटरिंग के कारण अभी कई प्रोजेक्ट अधर पर लटके हुए हैं। ठेका कंपनी पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाकर घर-घर नल तो लगा दिए हैं, लेकिन नलों से एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है। 9 महीनें में तैयार होने वाले नल जल योजना के प्रोजेक्ट दो-दो सालों से अधर पर लटके हुए हैं। कहीं पानी टंकी का अधूरा निर्माण तो कहीं प्रोजेक्टर पूर्ण होने के बाद भी पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

### इन जनपदो में पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं

जानकारी के अनुसार जयसिंहनगर, गोहपारु,बुढार एवं ब्यौहारी के ग्रामीण इलाकों में गर्मी के दिनों में सबसे अधिक पानी की समस्या होती है। विभाग ने सर्वे में भी सबसे ज्यादा इन्हीं विकासखंडों में आने वाले गांव को चिन्हित किया था।परंतु यहां पेयजल की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं करने के कारण इन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ेगा। पता नहीं इस योजना काआगामी भविष्य क्या होगा...?

# जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण में हत्यारे को आजीवन कारावास

### आरोपी ने 300 रू मजदूरी न देने पर कर दी हत्या

विजय मत, शहडोल।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शहडोल महेन्द्र कुमार जैन द्वारा सत्र प्र0क्र0 04/22 शासन विरूद्ध सुनील सिहं परस्ते में आरोपी सुनील सिहं परस्ते पिता धन्नू सिंह परस्ते निवासी बनमनिया डोंगरी टोला, गोहपारू शहडोल म0प्र0 को भादवि0 की धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 10,000/- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में विश्वजीत पटेल जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला शहडोल द्वारा पैरवी की गई।

संभागीय जनसंपर्क अधिकारी(अभियोजन) नवीन कुमार वर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि बीते 23 अक्टूबर वर्ष 2021 को फरियादी जयभान सिंह ने थाना गोहपारू में उपस्थित होकर रिपोर्ट लेख कराया कि मेरे गावं में करीब 1 वर्ष से सरकारी बिल्डिंग बन रही है। जहां पर मैं और मेरे गांव के सुनील परस्ते, ओमप्रकाश परस्ते, संदीप गोड़ और दूसरे गांव के लोग मजदूरी करते थे। दशहरा के समय से बिल्डिंग का काम बंद है। ठेकेदार द्वारा देखरेख के लिये राजू अहिरवार चौधरी तथा प्रीतम गोड़ को रखा था बीते 22 अक्टूबर 2021 की बात है शाम करीब 06.00 बजे स्कूल बनमनिया में दूसरे गावं के के चार मिस्त्री नल सुधार रहे थे उन्हीं के पास मैं खड़ा था राजू चौधरी जहां नयी बिल्डिंग बन रही थी वहां बैठा था उसी समय वहां सुनील परस्ते आया और राजू को बोला कि मेरा 300 रूपये मजदूरी का मजदूरी का



मूझे दे दो नहीं तो तीन लात मारूंगा तो राजू बोला की तुम अपने घर चले जाओ मजदूरी बाद में मिल जायेगा फिर सुनील और राजू के बीच विवाद होने लगा तब मैं दौड कर वहां गया देख तो राजू प्रसाद चौधरी को सुनील परस्ते लोहे का शिकंजा उठाकर उसके सिर पर मारा तो राजू वाहीं गिर गया खून बहने लगा सिर फट गया पीठ एवं सीने में भी राड तथा लात घूंसो से मारने लगा। मैनें नल सुधारने वालों को आवाज दिया तब नल सुधारने वाले वहां आये और बीच-बचाव किये तब सुनील परस्ते वहीं पर शिकंजा फेक कर चला गया। फिर हम लोग आटो बुलाकर राजू चौधरी को जिला अस्पताल शहडोल लेकर आये जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत किए गए सशक्त तर्कों से सहमत होकर एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विचारण उपरांत आरोपीगणों को उपरोक्तानुसार दण्ड से दंडित किया।

## न्यूज इन शॉर्ट

### संसार का स्वरूप क्या है: धामेश्वरी देवी



**विजय मत, ब्यूरो, बीना।** भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल छात्रावास, साईं धाम कॉलोनी, तहसील के पीछे वाली रोड, में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के छठवें दिन, जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज के प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी जी ने वेदों के अनुसार संसार के स्वरूप को स्पष्ट किया उन्होंने बताया कि वास्तव में भीतर का संसार, दूसरा बाहर का संसार -यह संसार के दो प्रकार हैं। एक वासनात्मक संसार जो प्रत्येक जीव के अंतःकरण में अनादिकालीन संस्कारों के द्वारा स्थूल संसार के पदार्थ की इच्छा के रूप में रहता है। बाहर का संसार उसे कहते हैं जो अंदर के संसार का विषय स्वरूप है। अंदर का संसार बलवान होता है क्योंकि यदि बाहर के पदार्थ नहीं भी होते तो हमारे अंदर का संसार चिंतन द्वारा अपना काम करता है। यदि बुद्धि में यह निश्चय हो जाए कि बाहर का संसार के पदार्थ से अपना परमानंद प्राप्ति का प्रयोजन हाल न होगा तो अंदर के संसार की इच्छायें स्वयं समाप्त हो जाएंगी। अतः सर्वप्रथम बुद्धि के द्वारा यह विचार एवं निश्चय किया जाना कि संसार में कुत्रापी आनंद नही है। उदाहरण सहित समझाया गया कि संसार में हमें जिस वस्तु से हमें सुख मिलता है वह भी प्रतिक्षण घटना रहता है जैसे कि आप लोग रसगुल्ला खाते होंगे जब पहला रसगुल्ला खाया तो बड़ा सुख दूसरे में उस काम तीसरे में और कम दसवें ग्यारहवें में दुख और 15 में इतना दुख कि आप चिल्ला पड़ते हैं क्या रे भाई मर जाएंगे अब ना खिलाओ। जबकि भगवान का सुख सदैव के लिए होता है एवं प्रतिक्षण वर्धमान होता है अतः हमें सिद्धांत को समझ कर मानव जीवन की लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए।

### सागर सेंट्रल जेल के 29 कैदी 10 दिन करेंगे कठिन साधना, कैदियों का जीवन सुधारने जेल अधीक्षक की अभिनव पहल



**विजय मत, ब्यूरो, सागर।** सागर सेंट्रल जेल में यूं तो कैदियों को सुधारने के लिए तरह-तरह के धार्मिक आयोजन किए जाते हैं इसी श्रृंखला में 6 अप्रैल से 10 दिन का विपश्यना कार्यक्रम जेल सुपरिंटेंडेंट की नेतृत्व में किया गया है ! योग से भी कठिन इस कार्यक्रम में केंद्रीय जेल सागर के 29 कैदी 10 दिन तक विपश्यना ध्यान का अभ्यास करेंगे। संचालन सहायक आचार्य भाऊ राव ठाकरे एवम धम्मा सेवक हरी सिंह कुशवाहा , राजा प्रजापति एवम वायकर द्वारा किया जा रहा है। शिविर के शुभारंभ पर जेल अधीक्षक मानेंद्र सिंह परिहार हमने इस 10 दिवसीय कार्यक्रम पर प्रकाश डाला ! उपजेल अधीक्षक मांगीलाल पटेल सहायक जेल अधीक्षक पंकज कुशवाहा मैं भी अपने विचार व्यक्त किया। सहायक आचार्य श्री ठाकरे द्वारा बताया गया की विपश्यना साधना भारत की प्राचीन साधना में से एक है। जिसकी पुनः खोज लगभग 2500 वर्ष पूर्व भगवान गौतम बुद्ध द्वारा की गई थी! आचार्य सत्यनारायण गोयनका द्वारा ये विद्या, वर्मा देश से भारत पुनः लाई गई एवम भारत के लोगो के लिए इसका प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया। आज 100 से अधिक देशों में ये साधना विपश्यना केंद्रों के माध्यम से लोगो को सिखाई जा रही है। इस साधना में मन को एकाग्र करते हुए, मन को निर्मल एवम विकारों से मुक्त करने करने का अभ्यास इस 10 दिन के शिविर में कराया जाता है! गौरतलब है यह साधना बहुत ही कठिन है! संभवत सागर सेंट्रल जेल में जेल अधीक्षक श्री परिहार का कैदियों की दिशा और दशा सुधारने के लिए यह सार्थक प्रयास है!

### बीना पुलिस की सक्रियता से नाबालिक बच्ची अपहरण होने से बच्ची

**विजय मत, ब्यूरो, बीना।** पुलिस अधीक्षक सागर अभिषेक तिवारी के मार्ग दर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ संजीव उईके एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीना प्रशांत सिंह सुमन एवं थाना प्रभारी विजय राजपूत के नेतृत्व मे की गई कार्यवाही। घटना का विवरण- दिनांक 07 08.04.2024 की दर्मियानी रात्री मे फरियादी ड्डईं बीना ने - बताया कि वह अपने घर मे दोनो लडकियो एवं लडके के साथ अपने मकान के पीछे वाले कमरे में सो रहा था। रात्रि करीब 01 वजे लडकी के चिल्लाने की आवाज आई तो मै अचानक उठ गया और देखा तो मेरी छोटी लडकी कमरे मे नही थी घर का दरवाजा खुला हुआ था तो मै दौडकर घर के बाहर आया और बच्ची का नाम लेकर पुकारने लगा। इतने मे ही वहाँ से थाना बीना पुलिस की गाडी एवं डायल 100 नंबर की गाडी रात्री गस्त मे वहाँ से गुजर रहीं थी तो मेरे चिल्लाने की आवाज सुनकर वह रुक गए और देखा कि एक व्यक्ति काले रंग की शर्ट पहने मेरी बच्ची का मुह दवाये हुए व हाथ मे चाकू लिए था जो आगासौद रोड तरफ भागता जा रहा था। जिसका पुलिस ने पीछा किया तो पुलिस को देखकर वह व्यक्ति मेरी बच्ची को वहीं रोड किनारे खडे ट्रेक्टर ट्राली के पास पटक कर रेल्वे - फाटक तरफ भाग गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पर अपराध क्रमांक 261/2024 धारा 363,367,458 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रात्री मे ही आरोपी की तलाश पतारसी की गई एवं आरोपी को कुछ ही घण्टों मे गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी उडीसा का रहने वाला है जिसके विरूद्ध जी.आर.पी. थाना बीना व उडीसा मे पूर्व से अपराध पंजीबद्ध है।

**नाम आरोपीः** - निर्मल बारिक पिता नीमलणि बारिक उम्र 19 साल निवासी देशाई दधि बमनपुर जिला केन्द्रपडा उडीसा हाल निवासी के. जी. एफ. ढावा आगासौद रोड बीना

**सराहनीय कार्यः**- थाना प्रभारी बीना निरीक्षक विजय राजपूत, उनि कविता द्विवेदी, उनि कमल सिंह ठाकुर, प्रआर. 623 सुरेन्द्र, 1517 अविनाश मिश्रा, 1793 मलखान, 1641 सोमवीर, 1074 वीरेन्द्र धाकड, 1600 दलजीत, 1563 गजेन्द्र, 987 अभिषेक (थाना आगासौद), डायल 100 वाहन चालक अजय अहिरवार, थाना वाहन चालक नानू उर्फ अरूण अहिरवार की सराहनीय भूमिका रही।

## भक्ति भाव और मां जगदम्बे की आराधना और उत्साह से होगा टैंपल ऑफ संबोधि में चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ

**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर**

इस साल चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल दिन मंगलवार 2024 से शुरू हो रही है धर्म ग्रंथों के अनुसार नवरात्रि के नौ दिन माँ दुर्गा भक्तों के बीच धरती पर निवास करती है , चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि की शुरुआत होती है और इसका समापन 17 अप्रैल रामनवमी के दिन पर होगा।

### चैत्र नवरात्रि 2024 घट स्थापना मुहूर्त

पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि आठ अप्रैल 2024 को रात 11ः बजकर 50 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन नौ अप्रैल 2024 को रात 8 बजकर 30 मिनट पर इसका समापन होगा । घटस्थापना मुहूर्त0सुबह 06.02 से सुबह10.16 (अवधि 4 घंटे 14मिनट)

### कलश स्थापना अभिजीत मुहूर्त

सुबह 11. 57 मिनट से दोपहर 12.48 टेम्पल ऑफ़ संबोधि में 9 अप्रैल 2024 रात्रि 7.00 बजे हवन होगा उसके बाद भजन कीर्तन और आरती की जाएगी। इस साल चैत्र नवरात्री पूरे नौ दिन की होगी जो अति शुभ है क्योंकि इसबार किसी भी तिथि का क्षय नहीं है।






### ध्यान साधना

वेदांत संत लाल साईं जी महाराज ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर साधक माँ जगदम्बा के नौ स्वरूपों की आराधना के साथ ध्यान साधना करेंगे।

### चैत्र नवरात्रि की तिथियां

पहला दिन 9 अप्रैल 2024 ( प्रतिपदा तिथि, घट स्थापना) माँ शैलपुत्री की पूजा

दूसरा दिन 10 अप्रैल 2024 माँ ब्रह्मचारिणी की पूजा

तीसरा दिन 11 अप्रैल 2024 माँ चंद्रघंटा की पूजा

चौथा दिन 12 अप्रैल 2024 हैं माँ कुष्मांडा की पूजा

पाँचवा दिन 13अप्रैल2024 माँ स्कंदमाता की पूजा

छठा दिन 14 अप्रैल 2024 माँ कात्यायनी की पूजा

सांतवा दिन 15 अप्रैल2024 माँ कालरात्रि की पूजा

आठवां दिन 16 अप्रैल 2024 माँ महागौरी की पूजा नौवां दिन 17 अप्रैल 2024/ माँ सिद्धिदात्री पूजा, रामनवमी

## जय झूलेलाल के जयकारों से गूंज उठा बीना नगर

# झूलेलाल जयंती महोत्सव को लेकर सोमवार को सिंधी समाज की महिलाओं ने निकाली बाइक रैली

**विजय मत, ब्यूरो, बीना**

सोमवार को सिंधी समाज की महिलाओं द्वारा सुबह झूलेलाल जयंती महोत्सव को लेकर महिलाओं ने बड़े धूमधाम से नगर में बाइक रैली निकाली जिसमें सिंधी समाज की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । गौरतलब हैं कि पूज्य सिंधी पंचायत, महिला मंडल और नवयुवक मंडल द्वारा झूलेलाल जयंती महोत्सव आगामी 10 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर 8 से 10 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सोमवार को महिला मंडल द्वारा नगर में भव्य वाहन रैली निकाली गई। डीजे की धुन पर समाज की युवतियों, महिलाओं ने वाहन रैली निकालकर जय झूलेलाल के जयकारें लगाए।

**इन मुख्य मार्गों से निकाली गई वाहन रैली**-सिंधी समाज द्वारा आज सोमवार से तीन दिवसीय भगवान झूलेलाल जयंती महोत्सव की शुरुआत वाहन रैली के साथ हुई। सिंधी धर्मशाला से महिला मंडल ने वाहन रैली निकाली। जो नगर के सागर गेट, गांधी तिराहा,



कॉलेज तिराहा, सर्वोदय चौराहा, अंबेडकर तिराहा, कच्चा रोड से होकर सिंधी धर्मशाला में ही वाहन रैली का समापन हुआ।

वाहन रैली में समाज की युवतियों, महिलाओं और बच्चियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वाहन रैली में शामिल युवतियां और महिलाएं डीजे की धुन पर जमकर थिरकी और भगवान झूलेलाल के जयकारें भी लगाए।

सृष्टि नोतानी, उमा नोतानी ने बताया कि आज भगवान झूलेलाल जयंती के पूर्व समाज कि युवतियों और महिलाओं ने भव्य वाहन रैली निकाली। जिसमें समाज की सभी युवतियों, महिलाओं और बच्चियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। आज से ही तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है।

**तीन दिन तक यह होंगे आयोजन**-सिंधी समाज के अध्यक्ष मंशाराम सुंदरानी ने बताया कि 8 से 10 अप्रैल तक झूलेलाल जयंती महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें 8 अप्रैल को महिला मंडल द्वारा वाहन रैली निकाली गई। इसके बाद गुरुनानक झूलेलाल मंदिर से अमर ग्रंथ साहिब की सवारी निकाली गई। अमर ग्रंथ साहिब का पाठ आरंभ किया गया।

सोमवार की शाम 6 बजे से बाल मेला एवं महिला मंडल द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार की रात 9 बजे सत्संग, आरती एवं पल्लव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 9 अप्रैल मंगलवार को सुबह 9 बजे सत्संग, आरती व पल्लव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

शाम 6 बजे बाल मेला एवं महिला मंडल द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात 9 बजे सत्संग, आरती व पल्लव का कार्यक्रम होगा। 10 अप्रैल बुधवार को झूलेलाल जयंती के अवसर पर सुबह 8:30 बजे नवयुवक मंडल द्वारा विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। सुबह 10:30 बजे झूलेलाल सांई का दिव्य अभिषेक किया जाएगा। सुबह 11 बजे भोग साहिब एवं शब्द कीर्तन होगा। दोपहर 1:30 बजे झूलेलाल सांई का लंगर आयोजित किया जाएगा। दोपहर 3:30 बजे बहराणा साहिब का पूजन इसके उपरांत बहराणा साहिब की भव्य शोभायात्रा गुरुनानक झूलेलाल मंदिर से शुरू होगी जो सिंधी कॉलोनी भ्रमण करते हुए झूलेलाल मंदिर पाठक वार्ड में समापन होगी। बुधवार की रात 10 बजे कुरवाई में स्थित बेतवा नदी में बहराणा साहिब का विसर्जन किया जाएगा।

## मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में सात दिवसीय बाल रंग कार्यशाला का केंदीय विद्यालय क्रमांक 2 में भव्य शुभारम्भ



**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वाधान में लायंस क्लब सागर के सहयोग से केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 दीनदयाल नगर मकरोनिया में सात दिवसीय बाल रंग कार्यशाला (5 से 14 आयु वर्ष का) भव्य शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला के लिए भोपाल समांतर समूह के श्री निदेशक मुकेश शर्मा एवं एन एस डी प्रशिक्षित सतीश मलेशिया के निर्देशन में किया गया। आज आरंभ हुई बाल रंग कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक कार्यशाला मुकेश शर्मा ने कहा इस तरह की कार्यशाला बच्चों की संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सहयोगी संस्था लायन्स क्लब सागर के महेश प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि यह सागर के नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए विशेष अवसर एवं अभिनव प्रयोग है।अभिभावकों को अपने बच्चों को इस तरह की कार्यशाला में भेजना चाहिए। केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य सुश्री ज्योति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और हाल ही एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 में छात्रों के सर्वांगीण विकास और भारतीय संस्कृति की धरोहर एवं क्षेत्रीय भाषा एवं संस्कृति के विकास पर प्रबल जोर दिया गया है और यह गतिविधि इसी पृष्ठभूमि पर आधारित है। लायन गुलजारीलाल जैन ने अपनी शाला के बच्चों को इस कार्यशाला में सहभागिता भी कराई।

आयोजक संस्था मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर इकाई के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी ने कहा कि सागर में रंगमंच का समृद्ध इतिहास रहा है।बच्चों में रंगमंच के संस्कार डालने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आज कार्यशाला के पहले दिन बच्चों मेंस्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए क्रियाविधि कराई गई। इस अवसर पर सर्वश्री देवेंद्र तिवारी पुष्पेंद्र दुबे, आदर्श दुबे,सुरेंद्र चौधरी श्रीमती अनिता सैनी एवं शाला के शिक्षक गण मौजूद रहे।

## सिंधु नव जागरण समिति द्वारा चेतीचांद के उपलक्ष्य में सिंधी मेला सम्मान समारोह व सांस्कृतिक संध्या

### कटनी रीवा भोपाल के कलाकार मचाएंगे धूम

**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर**



संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधु नव जागरण समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चेतीचांद के उपलक्ष्य में सिंधी मेला, सम्मान समारोह व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष राम पारदासानी कार्यक्रम संयोजक रमेश वाधवानीए महासचिव नरेश चोटरानी व मुख्य सलाहाकार घनश्याम लालवानी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 12 अप्रैल दिन शुक्रवार रात्रि 08:00 बजे साधु वासवानी स्कूल ग्राउण्ड पर भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें कोटा की मशहूर गायिका दिव्या ज्योति, रीवा के मशहूर पार्श्व गायक विकास गिदवानी, सिंधी समाज की शान पार्श्व गायिका प्रिया ज्ञानचंदानी द्वारा व इंदौर की मशहूर सिंधी डांस ग्रुप कशीश द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील समस्त नगरवासीयों से समिति अध्यक्ष राम पारदासानी, महासचिव नरेश चोटरानी, संयोजक रमेश वाधवानी, स्वागत अध्यक्ष सुरेश चोटरानी, संरक्षक माधु चांदवानी, आसन वाधवानी, महेश खटवानी, दयाल सतानी, कन्हैया नागदेव हरीश वलेचा, मुरली गुरबानी, महेश दादलानी, दिलीप दीनानी, मनोहर सतानी, हीरो आडवाणी, राम लेखवानी, मूलचंद रामचंदानी, इन्द्र जनयानी, अनिल टेकचंदानी, कमलेश छुगानी, महेश हासानी आदि ने की है।

## दुकान का ताला तोड़कर समेट ले गए बच्चों के स्कूल की यूनिफार्म

**भोपाल।** राजधानी के कटाराहिल्स इलाके में शनिवार रात को एक कपड़े की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है, आरोपित दुकान ने दुकान के ताले तोड़कर स्कूल की यूनिफार्म के कपड़े और कुछ सिली हुई यूनिफार्म लेकर समेटकर ले गया। रविवार को दुकान मालिक की शिकायत पर एफआइआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में लगी है। शुरूआती जांच में घटनास्थल के आसपास और दुकान के करीबियों से पूछतछ की जा रही है।चोरी गया सामान करीब एक लाख रुपये कीमत का बताया जा रहा है। कटारा हिल्स पुलिस के मुताबिक लहरपुर में रहने कटारा हिल्स में रहने वाले बृजेश पाल की लहारपुर में कपड़े की दुकान है।वह छह अप्रैल की रात को दुकान बंद करके घर चले गए थे, इस दौरान उनकी दुकान के अज्ञात बदमाश ने ताले तोड़ दिए और दुकान के रखे कपड़े चोरी कर लिए। दुकान में स्कूली बच्चों की 12 यूनिफार्म सिली हुई रखी थी, वह बदमाश उन स्कूली यूनिफार्म को भी चुरा कर ले गए।

## नहर नहीं तो वोट नहीं किसानों ने तहसील प्रांगण में लगाए नारे

## बीना ब्लॉक के ग्राम देवल गांव के किसानों ने नदी परियोजना में गांव का नाम जुड़वाने को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**विजय मत, ब्यूरो, बीना**

बीना ब्लॉक के ग्राम देवल गांव के दर्जनों किसानों ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंपा। किसान बीना नदी परियोजना में गांव का नाम जुड़वाने की मांग कर रहे है। ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की घोषणा की है।

**ग्रामीणों ने लगाए नहर नहीं, तो वोट नहीं के नारे**-जानकारी के अनुसार सोमवार को देवल गांव के लोग बड़ी संख्या में हाथों में तख्तियां लेकर बीना के तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां किसानों ने नहर नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाए। ग्रामीणों ने सागर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। ग्रामीण नंदलाल कुशवाहा, लोकपाल सिंह, जगदीश सिंह ने बताया कि हमारे देवल गांव में ना तो बोर सफल है और ना ही कुंआ। हमारे गांव में जो बीना नदी परियोजना का पानी आ रहा था, वह हमारे गांव से एक किलोमीटर दूर आमखेड़ा से और डेढ़ किलोमीटर दूर पंधव से और ढाई किलोमीटर दूर चमारी गांव से हमारा गांव छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि हम लोग भी चाहते हैं कि हमारे बच्चे भी अच्छे स्कूल में पढ़े और उन्हें भी अच्छी शिक्षा मिले। लेकिन यह सब पानी से ही सफल होगा। पानी नहीं होगा



तो कुछ भी नहीं होगा। पानी से ही फसल अच्छी होंगी तभी किसानों का कुछ होगा। इसलिए हमारे गांव को भी नहर में जोड़ा जाए, अन्यथा आगामी लोकसभा चुनाव का हम लोग बहिष्कार करेंगे। देवल गांव को नहर में शामिल करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम तहसीलदार सुनील शर्मा को ज्ञापन भी सौंपा।

**इन्होंने सौंपा ज्ञापन**-इस दौरान वीरेंद्र कुशवाहा, अर्जुन सिंह, मोहित सिंह, राहुल सिंह, दयाराम सिंह, धर्मेंद्र अहिरवार, प्रताप सिंह, चंदू रजक, लाल सिंह अहिरवार, श्याम लाल, शंकर लाल अहिरवार, छोटेलाल अहिरवार, बलराम यादव, लाखन सिंह, दुर्गाशंकर लखेरा, विकास यादव, नंदकिशोर उपाध्याय, विजय सेन, सतीश, हरनाम सिंह, उमाशंकर सेन, मानसिंह सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## खास-खबर

### महिलाओं ने खेला सिंधी छेज़ बच्चों ने लगाए जय श्री राम के नारे

## निर्मल नर्सरी विकास समिति संत हिरदाराम नगर द्वारा चेटीचंड श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया



**विजय मत, ब्यूरो, संत नगर**

निर्मल नर्सरी विकास समिति संत हिरदाराम नगर भोपाल द्वारा चेटीचंड के उपलक्ष में संस्कार स्कूल में एक पारिवारिक प्रोग्राम का आयोजन रविवार को किया गया। भगवान झूलेलाल का बहराणा साहिब, सिंधी छेज़, जय श्री राम और झूलेलाल जी की आराधना के बीच उत्सव की शुरुआत वेदांत संत लाल सांई जी खास मौजूदगी में हुई। मुख्य अतिथि हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा थे । लालसाईं जी ने जहां भक्ति से ओतप्रोत सिंधी गीतों से समा बांध लिया और भक्ति भाव से भरा आशीर्वाद प्रदान किया वहीं रामेश्वर शर्मा ने सबको शुभकामनाएं दीं। उन्होंने धर्मयात्रा और सनातन की रक्षा और संस्कृति के संवर्धन के लिए समाज को साधुवाद दिया। ओजस्विनी महिला ग्रुप ने बहुत मेहनत की और भक्ति गीतों भगवान की प्रार्थना और सिंधी डांडिया की शानदार प्रस्तुति से इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया । बच्चों के आकर्षक कार्यक्रम रहे जय जय श्री राम के नारों के बीच भगवान श्री राम की वंदना की गई। खुद ओजस्विनी महिला ग्रुप की प्रस्तुतियां मनमोहक, आकर्षक थीं। कॉलोनी के अधिकांश परिवार इस कार्यक्रम की शान बढ़ाने के लिए उपस्थित थे। इस मौके पर भाजपा नेता और महानगर बैंक के चेयरमैन सुशील वासवानी, संस्कार के सचिव बसंत चेलानी, विधानसभा में वरिष्ठ अवर सचिव मोहन मनवानी का भरपूर सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, नगर सरकार के मंत्री राजेश हिंगोरानी, कांग्रेस पार्षद अशोक मारण, चंदू भैया, दिनेश वाधवानी, राजेश बेलानी, कन्हैया ईसरानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कमल प्रेमचंदानी एवम मोहन लालवानी का प्रत्यक्ष और परोक्ष सहयोग अत्यंत प्रशंसनीय रहा। साथ में रतन आसवानी, जगदीश आडवाणी, राकेश हरपलानी, प्रेम मोटवानी, सुरेश अजवानी, विजय मोटवानी आदि की खास उपस्थिति रही। समारोह बसंत चेलानी का कहना था कि कार्यक्रम बहुत अद्भुत रहा और शायद ही शहर में इतना अच्छा कार्यक्रम होता है।

## एक साथ 105 मुनि और आर्यिकाए प्रवेश करेंगे

## कुंडलपुर में भावी आचार्य श्री की आगवानी आज

» सागर से 61 बसे और 200 कारों से 4000 श्रद्धालु जायेंगे

**विजय मत, ब्यूरो, सागर**

कुंडलपुर में 16 अप्रैल को होने वाले आचार्य पदारोहण महा महोत्सव मैं 150 से अधिक मुनि महाराज और आर्यिकाएं पहुंच चुके हैं। 9 अप्रैल को भावी आचार्य समय सागर महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश पटेरा से दोपहर में 3 बजे हो रहा है देशभर से उनके भक्त अगवानी में पहुंच चुके हैं सागर नगर से 61 बसे और 200 कारो को लेकर सुबह 6 बजे रवाना हो जाएगी।

जैन पंचायत सभा सागर के अध्यक्ष मुकेश जैन ढाना ने बताया नगर के सभी मंदिरों से समाज के लोगों को कुंडलपुर पहुंचने के लिए 61 बसे ले जाने के लिए सभी प्रमुख लोगों ने अपनी ओर से निशुल्क व्यवस्था की है। सागर के अलावा इंदौर, उज्जैन, बागीदौरा, भोपाल, विदिशा, बीना, खुरई, गुना, गंजबासौदा, बंडा, शाहपुर, देवरी, महाराजपुर रहली, गढ़ाकोटा, दमोह, जबलपुर, शहपुरा, कटनी, सतना, आदि स्थानों से 2 सौ से अधिक बसो और 2000 से अधिक कारों द्वारा श्रद्धालु कुंडलपुर पहुंच रहे हैं आगवानी दोपहर 2.30 बजे से पटेरा से शुरू होगी। पूरा मुनि संघ और आर्यिका संघ कुंडलपुर के बाहर आकर के अगवानी करेगा। आगवानी में दिव्य घोष, हाथी, घोड़े, अखाड़े, बग्गी, ढोल-नगाड़े आदि भी रहेंगे महिला मंडल ड्रेस कोड मैं रहेगी और पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र में टोपी लगाकर के चलेंगे। कुंडलपुर कमेटी भी भव्य अगवानी की व्यवस्था बनाने में लगी हुई है गर्मी के मौसम को देखते होंगे रास्ते में ठंडा पेय पदार्थ और शुद्ध जल की व्यवस्था की गई है। 9 अप्रैल को ही निर्यापक मुनि श्री वीरसागर महाराज ससंघ एक माह के लगातार पद बिहार में 800 किमी चलकर पुणे से कुंडलपुर पहुंच रहे हैं। जबकि मुनि श्री निर्वेग सागर महाराज छत्तीसगढ़ से बिहार करते हुए 9 अप्रैल को पहुंच रहे हैं। मुनि श्री पदम सागर मुनि श्री सुब्रत सागर मुनि श्री शाश्वत सागर महाराज का प्रवेश होगा इसके अलावा 6 आर्यिका संघ आर्यिका गुरुमतिजी, आर्यिका दृढमतिजी, आर्यिका गुणमतिजी, आर्यिका अकंपमतिजी, आर्यिका अनंतमतिजी, आर्यिका आदर्शमतिजी कुल 81 माताजी का संघ भी प्रवेश करेगा।

संस्थापक
स्व. श्री रामसिपाही शुक्ल

# शोषण बर्दाश्त नहीं, आक्रमकता बंगाल का जैविक गुण

बंगाल के नागरिक हमेशा से शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए जाने जाते हैं। सैकड़ो वर्षों से बंगाल के लोग यह लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। अभी पश्चिम बंगाल के जो हालात हैं, वह कोई नए नहीं हैं। बंगाल के नागरिक हमेशा से जुल्म का विरोध करने में सबसे आगे रहे हैं। यदि हम स्वतंत्रता संग्राम से बात शुरू करें। स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में पश्चिम बंगाल की अग्रणी भूमिका रही है। सबसे बड़े महानायक सुभाष चंद्र बोस रहे हैं, जिन्होंने न केवल अंग्रेज सरकार को चुनौती दी, बल्कि आजाद हिंद फौज बनाकर अंग्रेजों के खिलाफ देश और विदेश में जाकर लड़ाई लड़ी। स्वतंत्रता के पश्चात जब पश्चिम बंगाल का एक बड़ा हिस्सा बंटवारे में पाकिस्तान में चला गया। पाकिस्तान के शासको ने जब बंगाल कौम का शोषण करना शुरू किया। उस समय भी बंगालियों ने खुलकर पा?किस्तानी सरकार का विरोध किया। बंगाली मानुष अपने अधिकार के लिए लड़ना जानते हैं। पाकिस्तान अधिकृत बंगाल के नागरिकों ने मुजीबुर्र रहमान के नेतृत्व में स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें सहायता दी। एक स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण 1971 में हुआ। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इसी तरीके से भारत अधिकृत पश्चिमी बांग्लादेश में नक्सलवादी आंदोलन भी बंगालियों द्वारा शुरू किया गया। भारत का यह पहला नक्सली आंदोलन जो 1969 में नक्सलवाड़ी से चाया मजूमदार के नेतृत्व में भू?मि अ?धिग्रहण की मांग से शुरु हुआ। धीरे-धीरे सारे देश में फैल गया था। गरीबों के हक की लड़ाई कम्युनिस्ट पार्टी ने भारत में लड़ना शुरू की। पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी सबसे ताकतवर रूप में उभर कर सामने आई। बांग्ला नागरिक कभी भी अपने अधिकारों को लेकर समझौता नहीं करते हैं। ममता बनर्जी इसका उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी से विद्रोह करके उन्होंने अपनी एक नई पार्टी टीएमसी का गठन किया। वह पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के पद पर लंबे समय से विराजमान है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए धार्मिक ध्रुवीकरण का जो सहारा लिया है। धार्मिक ध्रुवीकरण के साथ-साथ भाजपा ने जिस तरह की आक्रमकता और केंद्रीय एजेंसियों को राजनैतिक लड़ाई में सक्रिय किया है। इसका विरोध अब आम जनता के बीच से होने लगा है। जगह-जगह लोग केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ आक्रमक तरीके से सामने आ रहे हैं। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है।

# संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार–भारत की सांस्कृतिक सेना के शिल्पी



प्रवीण गुगनानी

> वर्ष प्रतिपदा हिंदू काल गणना पर आधारित है और इसके साथ अन्य कई वैज्ञानिक तथ्य भी जुड़े हैं। इसी दिन वासंतिक नवरात्रि का भी प्रारम्भ होता है और वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व प्रारम्भ होता है तथा सनातनी हिंदू इसी दिन से शक्ति की भक्ति में लीन हो जाते हैं। सतयुग के खंडकाल में भारतीय (हिन्दू) नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रारंभ हुआ था क्योंकि इसी दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया गया था। आगे चलकर त्रेतायुग में वर्षप्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ था।

**आ सिंधु-सिंधु पर्यन्ता, यस्य भारत भूमिका द्य**
**पितृभू-पुण्यभू भुश्चेव सा वै हिंदू रीति स्मृता द्यद्य**

इस श्लोक के अनुसार भारत के वह सभी लोग हिंदू हैं जो इस देश को पितृभूमि-पुण्यभूमि मानते हैं वीर दामोदर सावरकर के इस दर्शन को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मूलाधार बनाकर संघ का संगठन, संस्थापना करने वाले डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी को हम यदि पूर्ण रूप से अपनी कल्पना में पिरोने का कार्य करें तो यह कार्य तनिक दुष्कर ही होगा। यह कार्य दुष्कर इसलिए होगा क्योंकि अधिकतर विचारक डॉ. हेडगेवार के विषय में कहते, लिखते, सोचते समय अपनी दृष्टि को संघ केन्द्रित कर लेते हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को ही उनके राष्ट्रीय शिल्प का मानक या केंद्र माना जाता है जो कि एक अधूरी, अपूर्ण व मिथ्या अवधारणा है। वस्तुतः राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उनके विशाल, महत्वाकांक्षी व विस्तृत वितान वाले भारत एक विश्व गुरु व परम वैभवमयी भारत माता के लक्ष्य का एक पाथेय भर है। वस्तुतः हेडगेवार का समूचा जीवनचरित्र एक व्यापक एवं गहन अनुसंधान के साथ साथ सहज चिंतन व चर्चा का भी विषय है। उनके जीवन के विभिन्न गुणात्मक भाग गंभीर अध्येताओं व समाज शास्त्रियों हेतु हमेशा ही एक खोज का विषय बने रह सकते हैं। संक्षेप में यह कि लोग विचारते हैं कि संघ ही डॉ. हेडगेवार का जीवन लक्ष्य था जबकि सत्य यह है कि संघ को डॉ. साहब ने केवल अपना माध्यम बनाया था; उनका मूल लक्ष्य तो स्वर्णिम भारत, भारत माता की परम वैभव शिखर पर स्थापना व हिंदूत्व ध्वजा को विश्व भर में फहराना ही था; जो कि आज संघ का परम लक्ष्य है। यहां यह भी कहा जा सकता है कि डॉ. हेडगेवार ने स्वयं को तो संघ के रूप में संपूर्णतः व्यक्त कर दिया था किंतु संघ की संघटना, विचार शक्ति, योजना, कार्यशक्ति, कल्पना शक्ति, संवेदनशीलता को उन्होंने इस प्रकार शिल्प किया था कि संघ कभी भी, किसी भी काल में, किसी भी परिस्थिति में संपूर्णतः व्यक्त हो ही नहीं सकता है!! डाक्टर साहब के संघ को सदैव स्वयं अव्यक्त रहकर समाज को अभिव्यक्त करना आता है। संघ को स्वयं कुछ भी न करके सब कुछ कर देने का दिव्य अकर्ता भाव धारण करना आता है। संघ को सर्वदर्शी होकर कहीं भी न दिखने की दिव्य दृष्टि से परिपूर्ण डाक्टर साहब ने ही किया है। संघ का यही निर्लिप्त भाव डॉ. हेडगेवार जी की सबसे बड़ी सफलता नहीं बल्कि उनकी अलौकिक उपलब्धि है। संघ का यही स्वरूप डाक्टर हेडगेवार जी को संघ से इतर ले जाकर एक संगठन शास्त्री ही नहीं अपितु एक ऐसे समाज शास्त्री के स्थान पर बैठाता है जिसमें समाज की दृष्टि राष्ट्र केन्द्रित होती है। यही कारण हैं कि आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व इसके देवतुल्य प्रचारक और इसके कार्यकर्ता भारत देश व इसके देशज समाज हेतु अमूल्य निधि हो गए हैं। यही कारण है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आज सम्पूर्ण विश्व हेतु कौतुहल व जिज्ञासा के साथ साथ श्रद्धा विषय हो गया है। विश्व के समस्त संगठन विज्ञानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इस विचित्र किंतु सत्य संगठन के अंतर्तत्व, मर्म व गुंठन-अवगुंठन को समझना चाहते हैं। किंतु, यह भी सत्य है कि संघ बड़े बड़े ज्ञानियों के समझ नहीं आता है और जब यही महाज्ञानी अपने भोलेपन व कुछ न जानने के बालपन के भाव से संघ की शाखा में जाते हैं तो संघ को सहजता से संपूर्णतः जान लेते हैं। डॉ. हेडगेवार जी को इस दृष्टि से हम जादूई संगठन कर्ता कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

जो संघ को सतही तौर पर भी जानते हैं वे इस तथ्य से परिचित हैं कि डॉ. हेडगेवार रचित संघ में इसके संविधान का महत्व शून्य के जैसा है। संघ में जो लिखित संविधान है उसे केवल इसलिए अपनाया गया क्योंकि एक औपचारिक संगठन संस्थापना व कानूनी आवश्यकताओं हेतु यह आवश्यक था। डॉ. साहब के अनुसार तो संघ का संविधान केवल एक शब्द से परिभाषित व व्यक्त होता है और वह शब्द है - भारत माता। व्यक्ति से बड़ा समाज, समाज से बड़ी जाति, जाति से बड़ा धर्म और धर्म से सर्वोपरि भारत माता, अर्थात राष्ट्रवाद; यही संघ का अलिखित किंतु अनिवार्य संविधान है। आज राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर कौतुहल का विषय भी यही है कि अपने संविधान को कभी खोलने पलटने व देखने भी न वाले संघ को आखिर डॉ. हेडगेवार ने कौन सी जादुई प्राणशक्ति दी है जिससे यह सदैव स्वस्फूर्त, स्वशासी, स्वमेव स्वायत्त होकर भी घोर अनुशासित रूप में कार्य करता रहता है। डॉ. हेडगेवार जी संघ की स्थापना के पूर्व अपने विद्यार्थी जीवन में बंगाल के क्रांतिकारी संगठन अनुशीलन समिति में सक्रिय रूप से कार्यरत रहे थे। वे युवावस्था में ही उनके दिव्य अनुभवों व कार्य कलापों के चलते हिन्दू महासभा बंगाल प्रदेश के उपाध्यक्ष नियुक्त कर दिए गए थे। कांग्रेस में भी वे कुछ समय तक सक्रियता से दायित्व निभाते रहे थे। संघ की स्थापना के पूर्व का उनका जीवन, कार्यानुभव व संपर्क कतई ऐसे नहीं माने जा सकते थे जिनसे 1925 से लेकर आज तक के शत वर्ष के होने जा रहे संघ के किसी भी रूप की कल्पना की जा सकती हो। यदि प्रश्न यह है कि संघ के इस अनहद, विहंगम, विराट व आत्मा में बस जाने वाले सूक्ष्म स्वरूप की कल्पना डॉ. साहब कैसे कर पाए थे तो उत्तर यह है कि संघ केवल और केवल उनकी ईश्वरीय अंतर्चेतना का परिणाम है। तथ्यों के स्थूल व भौतिक कल्पना से चलने वाले संगठन विज्ञानी इसे समझे न समझे किंतु अपने भोले मन से चलने व कार्य करने वाला एक स्वयंसेवक आज भी संगठन में डॉ. हेडगेवार जी को स्वयं के सम्मुख प्रकाशपुंज के रूप में साक्षात उपस्थित पाता है। प्रकाश पुंज के रूप में सतत उपस्थिति के इस तथ्य का अलौकिक आभास एक सामान्य स्वयंसेवक भी अपने आद्य सरसंघचालक प्रणाम की प्रक्रिया में बड़ी सहजता से करता रहता है। जो पाठक आद्य सरसंघचालक प्रणाम की परंपरा को नहीं समझते हैं उन्हें इसे समझने का सहज प्रयास करना चाहिए। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का प्रथम श्रेणी में डाक्टरी की परीक्षा को पास करना और उसके बाद चिकित्सा के पेशे से सर्वथा भिन्न समाज व राष्ट्र सेवा में आजीवन अविवाहित रहकर आकंठ डूब जाना एक गहन जिज्ञासा का विषय है। व्यक्ति के आंतरिक व्यक्त-अव्यक्त गुणों, कथित-अकथित क्षमताओं को उभारना व उसकी कार्यशीलता का भरपूर दोहन करना वे भली भांति जानते थे। संघ की आंतरिक कार्य प्रणाली को उन्होंने इस प्रकार विकसित किया कि चाहे कोई भी व्यक्ति स्वयंसेवक बने, उसकी क्षमताओं का सौ प्रतिशत उपयोग राष्ट्र सेवा में संघ कर ही लेगा। डाक्टर साहब ने अपने इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु कई प्रकार के नवाचार किये व नए नए प्रयोग अपनाए। डॉ. साहब ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने व्यक्ति की क्षमताओं को उभारने के लिये नये-नये तौर-तरीके विकसित किये और उनकी कल्पना व रीति नीति आज सौ वर्षों पश्चात भी पूर्ण प्रासंगिक, सटीक व सफल है। उल्लेखनीय है कि डॉ. हेडगेवार जी ने बंगाल में हुए अपने जीवन के प्रारम्भिक सार्वजनिक अनुभवों से राष्ट्र सेवा हेतु अर्ध सैनिक संगठन की कल्पना की थी।

**-लेखक विदेश मंत्रालय में राजभाषा सलाहकार हैं।**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**



विजय मत
विचार

# चैत्र नवरात्र मात्र उपवास और कन्याभोज नहीं है

**डॉ. नीलम महेन्द्र**

चैत्र मास की शुक्लप्रतिपदा यानी नव संवत्सर का आरम्भ। ऐसा नववर्ष जिसमें सम्पूर्ण सृष्टि में एक नईऊर्जा का संचार हो रहा होता है। एक तरफ पेड़ पौधों में नई पत्तियां और फूल खिल रहे होते हैं तो मौसम भी करवट बदल रहा होता है। शीत ऋतु जा रही होती है, ग्रीष्म ऋतु आ रही होती है और कोयल की मनमोहककूक वातावरण में रस घोल रही होती है। देखा जाए तो प्रकृति हर ओर से नवीनता औरबदलाव का संदेश दे रही होती है। सनातन संस्कृति में यह समय शक्ति की आराधना का होता है जिसे नवरात्र के रूप में मनाया जाता है। नौ दिनों तक देवी माँ के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। लोग अपनी श्रद्धा और सामर्थ्यके अनुसार इन दिनों उपवास रखते हैं और कन्याभोज के साथ माता को प्रसन्न करने काप्रयास करते हैं। दरअसल यह सनातन संस्कृतिकी महानता है कि इसमें अत्यंत गहरे और गूढ़ विषयों को जिनके पीछे बहुत गहरा विज्ञानछिपा है उन्हें बेहद सरलता के साथ एक साधारण मनुष्य के सामने प्रस्तुत किया जाताहै। इसका सकारात्मक पक्ष तो यह है कि एक साधारण मनुष्य से लेकर एक बालक के लिए भीवो विषय ग्रहण करना इतना सरल हो गया कि वो उनके जीवन का उनकी दिनचर्या का हिस्साबन गया। लेकिन इसका नकारात्मक पक्ष यह हुआ कि वो गहरे विषय हमारी दिनचर्या तक हीसीमित रह गए और उनके भाव, उनके लक्ष्य हमसे कहींपीछे छूट गए। नवरात्र को ही लीजिए आजयह केवल उपवास रखने और कन्याभोज कराने तक ही सीमित रह गए। इसके आध्यात्मिकवैज्ञानिक और व्यवहारिक पक्ष के विषय पर हमारा ध्यान ही नहीं जाता। इसके वैज्ञानिक पक्ष कीबात करें तो नवरात्र साल में चार बार मनाई जाती हैं, चैत्र नवरात्र, शारदीय नवरात्र और दो गुप्त नवरात्र। हर बार दो ऋतुओं के संकर काल में यानी एकऋतु के जाने और दूसरी ऋतु के आने के पहले। आज विज्ञान के द्वारा यह सिद्ध हो चुकाहै कि ऋतु संकर के समय मानव शरीर बदलते वातावरण से तारतम्य बैठाने के लिए संघर्षकर रहा होता है और इस दौरान उसकी पाचन शक्ति, उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण होती है। ऐसे समय मेंउपवास न सिर्फ मनुष्य के पाचन तंत्र को सुधारने का काम करता है बल्कि उसे डिटॉक्स करके उसमें एक नई ऊर्जा का संचार भीकरता है। किंतु महत्वपूर्ण तथ्य यहहै कि नवरात्र का महत्व मात्र हमारे शरीर की शक्ति एवं उसकी ऊर्जा बढ़ाने तक हीसीमित नहीं है बल्कि उससे कहीं बढ़कर है। नवरात्र का समय अपनी खगोलीय घटनाओं केकारण प्रकृति का वो समय होता है जब मनुष्य अपने मानव जन्म का सर्वश्रेष्ठ लाभ लेसकता है। नवरात्र का आध्यात्मिक पक्ष यह है कि इस समय मनुष्य अपनी शारिरिकशक्तियों से ऊपर उठकर अपने मानस एवं आत्मबल का विकास कर सकता है। नौ दिनों तक व्रतएवं व्रत के नियम हमें अपनी आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करने में मदद करते हैं। लेकिन वैज्ञानिक औरआध्यात्मिक पक्ष से इतर नवरात्र का एक व्यवहारिक पक्ष भी है। देखा जाए तो मां केनौ रूपों से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। कहा जाता है कि मां दुर्गा ने ये सभी नौअवतार इस धरती पर अधर्म और पाप के नाश दैत्यों के विनाश तथा धर्म की स्थापना केउद्देश्य से लिए थे। तो क्यों न हम भी इस समय का उपयोग अपने भीतर के पाप और अधर्मका नाश करने के लिए करें, अपने भीतर के शत्रुओं केविनाश के लिए करें। गीता में कहा गया है कि काम क्रोध लोभ मोह अहंकार और ईर्ष्यामनुष्य के सबसे बड़े शत्रु हैं। नवरात्र के दौरान हम माँ के हर रूप से सफलता केमंत्र सीखकर अपने भीतर के इन शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। अगर हमगम्भीरता से सोचें तो पाएंगे कि मां के हर रूप का नाम उनके व्यक्तित्व को परिभाषितकरते हुए हमें अनूठा संदेश देता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# विक्रम संवत 2081 के राजा मंगल और मंत्री शनि होगें

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

**चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमेऽहनि।**
**शुक्ल पक्षे समग्रे तु तदा सूर्योदये सति।**


नवसंवत्सर को रेवती नक्षत्र में, विष्कुंभ योग में दिन के समय भगवान के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव माना जाता है।प्रथम सत् युग के प्रारंभ की तिथि भी यही है। इसी दिन सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने शकां पर विजय प्राप्त की थी और उसे चिरस्थायी बनाने के लिए विक्रम संवत प्रारंभ किया था।जब पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा पूरी कर लेती है, उस समय दिन और रात बराबर होते हैं,12 माह का एक वर्ष और 7 दिन का एक सप्ताह रखने का प्रचलन विक्रम संवत से ही शुरू हुआ था। महीने का हिसाब सूर्य व चंद्रमा की गति पर रखा गया है। विक्रम कैलेंडर की इस धारणा को यूनानियों के माध्यम से अरब और अंग्रेजों ने भी अपनाया है। विक्रम संवत से पूर्व 6676 ईसवी पूर्व से शुरू हुए प्राचीन सप्तर्षि संवत को हिंदुओं का सबसे प्राचीन संवत माना जाता है, जिसकी विधिवत शुरुआत 3076 ईसवी पूर्व हुई मानी जाती है।श्रीकृष्ण के जन्म की तिथि से कृष्ण कैलेंडर की शुरुआत हुई और फिर कलियुग संवत का आरम्भ हुआ। कलियुग के प्रारंभ के साथ कलियुग संवत की 3102 ईसवी पूर्व में शुरुआत हुई थी। संवत्सर के पाँच प्रकार माने गए हैं जिनमे सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास शामिल है। विक्रम संवत में इन सभी का समावेश है। विक्रम संवत की शुरुआत 57 ईसवी पूर्व में हुई थी।चूंकि इसको शुरू करने वाले सम्राट विक्रमादित्य थे इसीलिए उनके नाम पर ही इस संवत का नाम रखा गया है। इसके बाद 78 ईसवी में शक संवत का आरम्भ हुआ था।नवसंवत्सर से शुरू हो रहे वर्ष के पाँच प्रकार सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास होते हैं। मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क आदि सौरवर्ष के माह हैं। यह 365 दिनों का है। इसमें वर्ष का प्रारंभ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश से माना जाता है। फिर जब मेष राशि का पृथ्वी के आकाश में भ्रमण चक्र चलता है तब चंद्रमास के चैत्र माह की शुरुआत हो जाती है। सूर्य का भ्रमण इस समय किसी अन्य राशि में हो सकता है।चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ आदि चंद्रवर्ष के माह हैं। चंद्र वर्ष 354 दिनों का होता है, जो चैत्र माह से शुरू होता है। चंद्र वर्ष में चंद्र की कलाओं में वृद्धि हो तो यह 13 माह का होता है। जब चंद्रमा चित्रा नक्षत्र में होकर शुक्ल प्रतिपदा के दिन से बढ़ना शुरू करता है तभी से हिंदू नववर्ष की शुरुआत मानी गई है।

सौरमास 365 दिन का और चंद्रमास 355 दिन का होने से प्रतिवर्ष 10 दिन का अंतर आ जाता है। इन दस दिनों को चंद्रमास ही माना जाता है। फिर भी ऐसे बढ़े हुए दिनों को मलमास या अधिमास कहते हैं। लगभग 27 दिनों का एक नक्षत्रमास होता है। इन्हें चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा आदि कहा जाता है। सावन वर्ष 360 दिनों का होता है। इसमें एक माह की अवधि पूरे तीस दिन की होती है।नववर्ष को भारत के प्रांतों में अलग-अलग तिथियों के अनुसार मनाया जाता है। ये सभी महत्वपूर्ण तिथियाँ मार्च और अप्रैल के महीने में आती हैं। इस नववर्ष को प्रत्येक प्रांत में अलग-अलग नामों से जाना जाता है।लेकिन मुख्यतः चैत्र माह से ही नववर्ष की शुरुआत मानी गई है और इसे नव संवत्सर के रूप में जाना जाता है। गुड़ी पड़वा, होला मोहल्ला, युगादि, विशु, वैशाखी, कश्मीरी नवरेह, उगाडी, चेटीचंड, चित्रैय तिरुविजा आदि सभी की तिथि इस नव संवत्सर के आसपास ही आती है। इस विक्रम संवत में नववर्ष की शुरुआत चंद्रमास के चैत्र माह के उस दिन से होती है जिस दिन ब्रह्मा ने सृष्टि रचना की शुरुआत की थी। इसी दिन से सतयुग की शुरुआत मानी जाती है। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था और पूरे अयोध्या नगर में विजय पताका फहराई गई थी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## दैनिक पंचांग

**09 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.02 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृष | 07.42 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 09.41 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 11.54 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 14.10 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.33 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.47 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.03 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मकर | 01.09 बजे से |
| | | कुंभ | 02.55 बजे से |
| | | मीन | 04.28 बजे से |

**मंगलवार** 2024 वर्ष का 100 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 20.32 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 07.32 बजे तदनन्तर अश्विनी 05.07 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** वैधृति 14.18 बजे को समाप्त। **करण** किस्तुघ्न 10.09 बजे तदनन्तर बव 20.32 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 07° 41' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871944 **जूलियन दिन** 2460409.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रमजान **तारीख** 29 **विशेष** चंद्र दर्शन, चैत्र नवरात्रि, गुडी पडवा, उगादी, झूलेलाल जयंती, गौतम ऋषि, डॉ. हेडगेवार जयंती।


| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# ईश्वर का आहार है साधना

तुमने ईश्वर को सदैव पिता के रूप में देखा है, कहीं ऊपर स्वर्ग में। मन में बैठी इस धारणा के संग तुम ईश्वर से कुछ मांगना चाहते हो और उनसे कुछ लेना। परन्तु क्या तुम ईश्वर को एक शिशु के रूप में देख सकते हो? जब तुम ईश्वर को शिशु के रूप में देखते हो तो तुम्हारी कोई मांग नही होती। ईश्वर तो तुम्हारे अस्तित्व का अन्तःकरण है। तुम ईश्वर को धारण किये हो। तुम्हें अपने गर्भ का ध्यान रखना है और इस शिशु को संसार में जन्म देना है। ईश्वर तुम्हारा शिशु है। वे तुमसे बच्चे की तरह चिपककर रहते हैं जब तक तुम वृद्ध होकर मर नहीं जाते। ईश्वर पोषण के लिए पुकारते रहते हैं। संसार में उनके पोषण के लिए उन्हें तुम्हारी आवश्यकता है। साधना, सत्संग और सेवा ईश्वर के पोषक आहार हैं। तुम ऐसा क्यों सोचते हो कि ईश्वर एक ही हैं? ईश्वर भी अनेक क्यों नहीं हो सकते? यदि ईश्वर ने मनुष्य को अपनी छवि के अनुसार बनाया है, तो उनकी छवि क्या है? अफ्रीकी, मंगोलियन, कॉकेसियन, जापानी या फिलिपिनो? मनुष्य इतने प्रकार के क्यों हैं, वस्तुओं की इतनी विविधताएं क्यों है? वृक्ष सिर्फ एक प्रकार का नहीं होता। सांप बादल, मच्छर या सब्जी सिर्फ एक प्रकार के नहीं। कुछ भी सिर्फ एक प्रकार का नहीं है, तो फिर केवल ईश्वर को ही एक क्यों होना चाहिए? जिस चेतना ने इस सम्पूर्ण सृष्टि की रचना की है और जो विविधता की प्रेमी है, वह चेतना नीरस कैसे हो सकती है? ईश्वर को विविधता पसंद है, तो वे भी अवश्य ही वैविध्य होंगे। ईश्वर अनेक नाम, रूप और प्रकार से अभिव्यक्त होते हैं। कुछ विचारधारा के व्यक्ति ईश्वर को उनके विभिन्न रूपों में प्रकट होने की स्वतत्रता नहीं देते। वे उन्हें एक ही रूप-वर्दी में चाहते हैं। अवसर के अनुसार जब तुम अपने रूप को बदलते हो तो कैसे सोच सकते हो कि चेतना में कोई विविधता न हो?

## शब्द पहेली - 7971



**बाएँ से दाएँ**

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

**शब्द पहेली -7970 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | क | | सा | ग | र | | म | जा |
| द | म | न | | म | वा | ली | | म |
| | र | म | ल | | ना | प | ना | |
| स | | क | ह | र | | ना | का | म |
| ली | न | | जा | त | क | | रा | जा |
| का | र | क | | न | ह | र | | क |
| | म | म | ता | | वा | च | न | |
| ना | | ल | क | वा | | ना | य | क |
| व | र | | त | र | फ | | न | म |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6756

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6755 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## न्यूज इन शॉर्ट



### हाथियों की टीम ने बाघ को जंगल मे खदेड़ा

उमरिया। धमोखर वन परीक्षेत्र के ग्राम रोहनिया में नर बाघ कि काफी दिनों से हलचल थी। रविवार को स्थानीय पशुपालक की गाय का षिकार बाघ द्वारा किया गया। रविवार को बाघ के होने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा पार्क अमले को दी गई। जिसके बाद दो से तीन हाथियों की मदद से नर बाघ को जंगल की ओर खदेड़ दिया गया । स्थानीय ग्रामीणों की माने तो नर बाघ का पिछला पैर चोटिल भी है जिस वजह से वो थोड़ा लंगड़ा कर भी चल रहा है। बताया जाता है कि बाघ की मूवमेंट पर निगरानी रखने धमोखर वन परिक्षेत्र का अमला बीती रात बाघ के मूवमेंट पर निगाह रखा हुआ था।



### झूले लाल जयंती पर 10 अप्रैल को मनाई जाएगी

उमरिया। नवयुवक सेवा मण्डल एवं समस्त सिंधु समाज ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री झूलेलाल जन्मोत्सव कार्यक्रम 10 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस अवसर पर 9 अप्रैल को सुबह 6 बजे से सिंध समाज की मातृषक्तियो द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी । इसी दिन रात्रि 8.30 बजे से राज म्यूजिकल ग्रुप एवं बाहर से आये हुए कलाकारो द्वारा भक्तिमय गीत संगीत एवं समाज के भण्डारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । 10 अप्रैल को सुबह 5.30 बजे से प्रभात फेरी, दादी चैची के गुरूद्वारे से , कार एवं स्कूटर रैली सुबह 8 बजे से झूलेलाल मंदिर से निकाली जाएगी । प्रातः 10.30 बजे से झूलेलाल सांई की पूजा अर्चना, हवन एवं भण्डारे का वितरण, प्रातः 11.30 बजे से राज म्यूजिकल ग्रुप एवं बाहर से आये कलाकारो द्वारा भक्तिमय गीत संगीत का आयोजन तत्पष्चात दोपहर 1 बजे से आम भण्डारे का आयोजन किया गया है। सायं 6 बजे से श्री भगवान झूलेलाल सांई जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरेगी। यह शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर सिंधी कालोनी से प्रारंभ होगी ।

### पिकअप से तीन नग भैंस जप्त

उमरिया। नौरोजाबाद थाना अंतर्गत कंचनपुर घुलघुली रोड ग्राम कंचनपुर मे आरोपी द्वारा अवैध रूप से पिकअप वाहन मे 3 नग भैंस को ले जाया रहा था, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी अनुसार इस मामले मे पुलिस ने आरोपी अहसान कुरैषी पिता यासिन कुरैषी निवासी वार्ड नंबर 28 मदन मोहन चौबे वार्ड कटनी रंगनाथ नगर कटनी पर मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### महुआ बीनने को लेकर हुआ विवाद, मामला कायम

उमरिया। चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम झाला में फरियादिया के भाई व भतीजे के द्वारा महुआ बीनने की बात को लेकर गाली गालौच कर मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार इस मामले मे पुलिस ने फरियादी इंद्रा बाई पति श्यामलाल बैगा उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम झाला की षिकायत पर आरोपी खेतईया बैगा, मनोहर बैगा पिता खेतईया बैगा दोनो निवासी ग्राम झाला पर 294,323,506,34 ताहि के तहत मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### सांप के काटने पर युवक की मौत

उमरिया। नौरोजाबाद थाना अंतर्गत निपनिया चढैया के पास युवक को सांप ने काट लिया। घटना में प्रकाष बर्मन पिता रामलाल बर्मन उम्र 36 साल निपनिया की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# नदी पार कर 87 वर्षीय पुनिया बाई के घर मतदान कराने मतदान दल





**विजय मत, उमरिया।**

हर मतदाता है महत्वपूर्ण हर वोट है जरूरी इसकी बानगी दिखी उमारिया जिले में 85 प्लस के होम वोटिंग के दौरान जब जिले के 89 बंधबगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र बिछिया में मतदान केंद्र क्रमांक 270 बिछिया के ग्राम छुइली टोला की 87 वर्षीय पुनिया बाई के घर सेक्टर अधिकारी अतुल वाजपेयी के साथ मतदान दल रामचरण कोल, ज्ञानचंद्र झारिया एवं माइक्रो आब्जर्वर प्रवण राणा, पुलिस अधिकारी अनिल सिंह परिहार पहुंचे।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओ को होम वोटिंग कराने की सुविधा दी गई है। पुनिया बाई ने होम वोटिंग के लिए प्रारूप 12 डी में अपना आवेदन प्रस्तुत किया था। होम वोटिंग की टीम मतदान के लिए नदी को पार कर लगभग 1 किमी की पैदल यात्रा करते हुए उनके घर पहुँची और ईसीआई के निर्देशानुसार डाक मत पत्र द्वारा उनका पुनिया बाई का मतदान सुनिश्चित किया गया । मतदान के पश्चात पुनिया बाई के चेहरे पर असीम हर्ष और सन्तोष परिलक्षित हो रहा था। मतदान कराने के पश्चात जब मतदान दल एआरओ आफिस पहुंचा तो एसडीएम बांधवगढ एवं एआरओ रीता डेहरिया, तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल ने फूल माला से मतदान दल का स्वागत किया।

# चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ, मंदिरो मे होगी पूजा अर्चना

**विजय मत, उमरिया।**

शक्ति में भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्रि आज से प्रारंभ हो रही है। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरो में प्रातः काल से ही भक्तों की भीड माता को ढारने के लिए उमडेगी। विदित हो कि जिला मुख्यालय के शारदा देवी मंदिर, ज्वालामुखी मंदिर, अन्नापूर्णा देवी मंदिर, शांकाम्भरी देवी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरो की नवरात्र को देखते हुए आकर्षक साज सज्जा की गई है , इसके साथ ही महिला एवं पुरूषों को दर्षन के समय किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो, इसके लिए बैरीकेटिंग की व्यवस्था की गई है। वही चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भक्तों के द्वारा नौ दिनो तक उपवास रखा जाएगा । चैत्र नवरात्रि के अवसर पर बिरसिंहपुर पाली में मां विरासिनी के दर्षन करने भी भक्तों का तांता लगेगा। इसी तरह नौरोजाबाद स्थित उंचेहरा धाम में ज्वालामुखी मंदिर भी समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## माकपोल कार्य शासकीय पालीटेक्निक कालेज उमरिया मे आज से

**विजय मत, उमरिया।**

लोकसभा संसदीय निर्वाचन 12 शहडोल अजजा विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ एवं 90 मानपुर हेतु ईव्हीएम, व्हीवव्हीपीएटी मशीनो की कमीशनिंग एवं माकपोल कार्य 9 अप्रैल से शासकीय पालीटेक्निक कालेज उमरिया में किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनो की कमीशनिंग एवं माकपोल के दौरान मास्टर रजिस्टर संधारित करने एवं आयोग के निर्देशों के अनुसार समस्त प्रकार के ईव्हीएम से संबंधित फार्मेट तैयार करने व तकनीकी संबंधी समस्तत कार्य हेतु विधानसभा 89 बांधवगढ के लिए विपिन पाण्डेय प्रबंधक ई गर्वेनेंस उमरिया एवं 90 मानपुर के लिए अनुपम त्रिपाठी वरिष्ठ प्रशिक्षक ई गर्वनेंस उमरिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उनके सहयोग हेतु विधानसभावार कर्मचारियो की डियुटी लगाई है। अधिकारियो, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नियत तिथि एवं स्थान पर प्रातः 9 बजे शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में उपस्थित रहकर आयोग के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी के निर्देशन में सौपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे ।

# कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में सीएम हेल्प लाइन तथा न्यायालयीन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की

**विजय मत, उमरिया।**

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणो की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरणों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक तेजी से किया जाए। सभी अधिकारी निर्वाचन के साथ -साथ दैनिक दायित्वों का भी निर्वहन करें । आपने विभिन्न विभागों के न्यायालयों में प्रचलित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों के जवाब दावे समय पर प्रस्तुत हो जाए तथा उसकी जानकारी कलेक्ट्रेट की न्यायालयीन शाखा को भी दी जाए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम पाली टी आर नाग, मानपुर एसडीएम कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी



इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह, हरनीत कौर सहित विभिन्न विभागो के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने सभी जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जन की दैनिक समस्यामओं का सहानुभूति पूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि बिजली एवं पानी से संबंधित शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के भीतर कर दिया जाए तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को भी भेजा जाए। पेयजल से संबंधित शिकायतें जनपद एवं जिला स्तर पर बनाये गये कंट्रोल रूम में भी दर्ज की जा रही है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय तथा जल जीवन मिशन के अधिकारी वहां से शिकायत प्राप्तो कर निराकरण सुनिश्चित कराएं । आपने कहा कि अंर्तरविभागीय समस्यातओं का निराकरण भी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें, जहां भी कठिनाई हो समय सीमा की बैठक में जानकारी दी जाए । जिससे उसका निराकरण कराया जा सके । जिले के विभिन्न एसडीएम कार्यालयों में भू अर्जन से संबंधित लंबित प्रकरणों के पालन प्रतिवेदन भी भेजने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए ।

## स्वास्थ्य दिवस पर पाली महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



उमरिया। शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए प्राचार्य डॉ आरके झा ने बताया कि हमारी संस्कृति हमें आयुर्वेद योग एवं नियमित खान-पान के द्वारा स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक करती है। उन्होंने से विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या को अपनी संस्कृति के अनुसार बनाने का आह्वान भी किया। हरलाल अहिरवार ने मोटे अनाज के स्वास्थ्य पर अच्छे प्रभाव पर प्रकाश डाला। प्राणी शास्त्र विभाग से मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मनीषा अग्रवाल ने बताया कि स्वस्थ रहना हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है। महाविद्यालय में अध्यनरत ऋषभ मिश्रा, आयुष सोनी, रिया सोनी, वंदना सिंह, रवि राजभर एवं अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्साह पूर्वक अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अंग्रेजी एवं व्यक्तित्व विकास विभाग के डॉ मंसूर अली ने कहा कि स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण पूंजी है। स्वास्थ्य जागरूकता हमारी दैनिक आदत में शामिल होना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शाहिद ए सिद्दीकी ने बताया कि महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु भारी उत्साह देखा गया।

# सोमवती अमावस्या पर महिलाओ ने शत प्रतिशत मतदान के लिए लगाई भंवरी

**विजय मत, उमरिया।**

लोकसभा संसदीय निर्वाचन 12 शहडोल अजजा के लिए मतदान 19 अप्रैल को संपन्न होगा । विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके मतदाताओ को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शहर में शत प्रतिशत मतदान कराए जाने हेतु हर वार्ड में अलग - अलग स्वीप गतिविधि करा कर नागरिकों को अपने मत का प्रयोग 19 अप्रैल को करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है । जिसके तारतम्य में नगर पालिका उमरिया एवं स्व सहायता समूह वार्ड क्रमांक 14 द्वारा सामूहिक जागरूकता अभियान चलाया गया वार्ड की महिलाओं ने 8 अप्रैल सोमवती अमावस्या के दौरान 108 परिक्रमा के बजाए 109 परिक्रमा लगाई जिसमे एक अतिरिक्त परिक्रमा लोकसभा निर्वाचन 2024 में देश के विकास में योगदान




देने के लिए 19 अप्रैल को अपने पोलिंग बूथ में मतदान करने का संदेश दिया, परिक्रमा के दौरान महिलाओं ने हाथ में संदेश बोर्ड हाथ में पकड़े हुए थे और मतदान का संदेश दे रहे थे।

### आओ अपना बूथ सजाएं कार्यक्रम आज

रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है। प्रत्येक मतदाता को मतदान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल अधिकारी स्वीप तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले के सभी 2014 मतदान केन्द्रों में 9 अप्रैल को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दिन आओ अपना बूथ सजाएं कार्यक्रम आयोजित करके प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बीएलओ तथा स्थानीय कर्मचारियों के माध्यम से मतदान केन्द्रों की साफ-सफाई कराकर मतदान केन्द्र की दीवारों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखे जाएंगे। प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदान की तिथि तथा निर्वाचन से जु? प्रमुख व्यक्तियों के मोबाइल नम्बर अंकित किए जाएंगे। इसमें दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या के साथ-साथ उन्हें मतदान के लिए डाक मतपत्र से मतदान की सुविधाओं की जानकारी भी दी जाएगी। डॉ सोनवणे ने कहा है कि सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित कराएं। दीवार लेखन, नुक्क? नाटक, रैली, सभा तथा मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान के लिए आमंत्रित करने जैसे कार्यक्रम आयोजित कराएं।

# प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा जेल का किया गया आकस्मिक निरीक्षण




**विजय मत, उमरिया।**

न्यायाधीश सुधीर कुमार चौधरी, प्रथम जिला न्यायाधीश उमरिया द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि बंदियों को आध्यात्म की ओर प्रेरित करने के लिये संगीत से जोड़ा गया है। बंदियों के सर्वांगीण विकास के लिये खिलौने बनाना, सिलाई, कम्प्यूटर टाइपिंग के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था है।

महिला वार्ड में न्यायाधीश एवं संस्कृति चौचरी द्वारा महिला बंदियों से उनके प्रकरण एवं जेल में पेयजल, बैरक, एवं अन्य संसाधन का अवलोकन किया गया। जेल के अन्य सभी वार्डो मे न्यायाधीश के द्वारा बंदियों के प्रकरण में अधिवक्ता नियुक्त होने, आगामी पेशी दिनांक, आपराधिक प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर पूछताछ की गई। बंदियों के बैरक में पंखे, टेलीवीजन, कपडे, बिस्तर, शौचालय, स्नानागार, तथा बंदियो के अनुशासन के साथ उनके परिजनो से मुलाकात करने का कक्ष, वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष, जेल में मंदिर, मंदिर, का अवलोकन किया। भोजन , पाकशाला में कैदियों के लिये बन रहे भोजन चावल, रोटी, सब्जी, दाल, सूजी का हलवा लडडू का अवलोकन किया गया। जेल अस्पताल मे जेल चिकित्सक डॉ. एस. के. जैन से बंदियो के स्वास्थ्य एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी लिये। जेल मे संगीत की शिक्षा ले रहे बंदियो को प्रोत्साहित करने के लिये उनके द्वारा संगीतमय गीत प्रस्तुत कर उन्हें लगातार अच्छा अभ्यास करने की प्रेरणा दिये। बंदियो के द्वारा किये जा रहे संगीत के नियमित अभ्यास एवं हार्ट फुलनेस संस्था द्वारा ध्यान के माध्यम से बंदियो के मन मे मानसिक शांति के लिये ध्यान एवं योगा अभ्यास की जानकारी ली गई। बंदियो को अनुशासन मे रहकर जेल में संचालित पुनर्वास प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होने की समझाईश दी गई।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डी. के. सारस, उप अधीक्षकध्जेलर- माखन सिंह मार्को, जेल चिकित्सक डॉ एस. के. जैन, एवं माननीय न्यायाधीश के निज सहायक एम.एस. परस्ते, मेलनर्स कनिका रामपाल एवं ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं जेल के समस्त अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम:क्रिकेट मैच का पाली पुलिस ने आयोजन कर मतदान का दिया संदेश




**विजय मत, उमरिया।**

मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के निर्देशन व मार्गदर्शन पर तहसील पाली के ग्राम पंचायत मालियागुड़ा (एमपीईबी कॉलोनी) में पाली पुलिस, कोलांचल क्रिकेट अकादमी व युवा टीम द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया। खिलाडियों ने एक स्वर में कहा कि सारे काम, छोड़ दो सबसे पहले वोट, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है जैसे अन्य मतदान संबंधी नारे लगाए गए।इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी , क्रिकेट एसोसिएशन सचिव व कोलांचल क्रिकेट अकादमी कोच नृपेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक अजय सिंह परिहार की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने उपस्थित खिलाड़ियों के साथ मैच खेल मतदान के प्रति जागरूक व प्रेरित किया।उन्होंने कहां की

जिस प्रकार आप लोगों ने मैच जीतने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा के साथ प्रयास किया उसी प्रकार अब मतदान प्रतिशत में जिले को पूरे देश मे अव्वल लाना है। उन्होंने कहा कि पांच साल के बाद आने वाले मतदान के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। कोलांचल क्रिकेट अकादमी कोच नृपेंद्र सिंह ने भी वोट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की अपील की।वोट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों से चुनावी महापर्व में पूरे जोश के साथ भाग लेने की अपील की।इस दौरान स्वीप वालंटियर हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, नैंसी सोनी,राहुल सिंह,अंकित सिंह व सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# मन को शांत करता है भ्रामरी प्राणायाम



मन को शांत कर तनाव और अवसाद दूर करने में बहुत फायदेमंद आसन है भ्रामरी प्राणायाम। भ्रामरी प्राणायाम करते समय भ्रमर अर्थात भंवरे जैसी गुंजन होती है, इसी कारण इसे भ्रामरी प्राणायाम कहते हैं। भ्रामरी प्राणायाम से जहां मन शांत होता है वहीं इसके नियमित अभ्यास से और भी बहुत से लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं।

## कैसे करें यह आसन

भ्रामरी प्राणायाम करने के लिए सुखासन, सिद्धासन या पद्मासन में बैठकर सबसे पहले दोनों हाथों की अंगुलियों में से अनामिका अंगुली से नाक के दोनों छिद्रों को हल्का सा दबाकर रखें। फिर तर्जनी को पाल पर, मध्यमा को आंखों पर, सबसे छोटी अंगुली को होठ पर और अंगुठे से दोनों कानों के छिद्रों का बंद कर दीजिए। फिर सांस को धीमी गति से गहरा खींचकर अंदर कुछ देर रोककर रखें और फिर उसे धीरे-धीरे आवाज करते हुए नाक के दोनों छिद्रों से निकालें। सांस छोड़ते वक्त अनामिका अंगुली से नाक के छिद्रों को हल्का सा दबाएं जिससे कंपन उत्पन्न होगा। जोर से पूरक करते समय भंवरी जैसी आवाज और फिर रेचक करते समय भी भंवरी जैसी आवाज उत्पन्न होनी चाहिए। पूरक का अर्थ सांस अंदर लेना और रेचक का अर्थ सांस बाहर छोड़ना।

## इस आसन के फायदे

भ्रामरी प्राणायाम करने से मन शांत होता है और तनाव दूर होता है। इस ध्वनि के कारण मन इस ध्वनि के साथ बंध सा जाता है, जिससे मन की चंचलता समाप्त होकर एकाग्रता बढ़ने लगती है। यह मस्तिष्क के अन्य रोगों में भी लाभदायक है। इसके अलावा यदि किसी योग शिक्षक से इसकी प्रक्रिया ठीक से सीखकर करते हैं तो इससे हृदय और फेफड़े मजबूत बनते हैं। उच्च-रक्तचाप सामान्य होता है। हकलाहट तथा तुतलाहट भी इसके नियमित अभ्यास से दूर होती है। इससे पर्किन्सन, लकवा, इत्यादि स्नायुओं से संबंधी सभी रोगों में भी लाभ पाया जा सकता है।



## बरतें थोड़ी सावधानी

भ्रामरी प्राणायाम को लेटकर नहीं किया जाता है। नाक या कानों में किसी प्रकार का संक्रमण होने कि स्थिति में यह अभ्यास ना करें। नहीं तो संक्रमण बढ़ सकता है। भ्रामरी प्राणायाम को शांत माहौल में ही करें, ताकि आप निकलने वाली आवाज हो आसानी से महसूस कर सकें।


# काम के साथ आंखों का रखें ख्याल



**वर्तमान** दिनचर्या में कंप्यूटर के बिना काम करना शायद असंभव है, लोग घंटों कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करते हैं। घंटों कंप्यूटर के सामने बैठने के कारण इससे निकलने वाली नीली रोशनी से सबसे अधिक नुकसान आंखों को होता है। इसके कारण आंखों की रोशनी कम होती है। इसके अलावा लगातार कम्प्यूटर पर काम करने से आंखों में थकान, धुंधला दिखाई देना, सिर में दर्द और आंखों के आसपास काले घेरे की समस्या आम बात है। ड्राई आई सिंड्रोम भी घंटों कंप्यूटर के प्रयोग के कारण होती है। इसलिए काम के साथ-साथ आंखों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

## अंधेरे में काम न करें

कंप्यूटर पर काम कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि जिस कमरे में आप हों वहां पर अंधेरा या कम रोशनी न हो। आपके कमरे की रोशनी कंप्यूटर स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी से कम न हो। अगर कमरे में अंधेरा होगा या कमरे की रोशनी कम होगी तो कंप्यूटर से निकलने वाली किरणें आंखों को अधिक प्रभावित करेंगी। कंप्यूटर से आंखों की दूरी काम करते वक्त अपनी कुर्सी की ऊंचाई को कम्प्यूटर के हिसाब से ही रखें। कंप्यूटर को अपनी आंखों से 30 सेमी की दूरी पर रखें।



## पलकों को झपकाते रहें

काम के दौरान पलकों को झपकाते रहें, इससे आंखों की नमी बरकरार रहेगी और आंखों सूखेंगी नहीं। लंबे समय तक पलक नहीं झपकाने से आंखों से पानी बहने लगता है।

## काम के बीच ब्रेक लें

अगर आप लगातार कंप्यूटर पर काम कर रहे हैं तो बीच-बीच में ब्रेक लेते रहें। कोशिश करें कि 30-40 मिनट के बाद अपनी नजर को दूर किसी वस्तु पर ले जाएं, अपने से लगभग 20 फिट की दूरी पर दूसरी वस्तु को देखें। एक घंटे तक काम करने के बाद 10 मिनट के लिए कंप्यूटर की स्क्रीन बंद कर दें।




## हेल्दी स्नैक लेते रहें



आंखों को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन बहुत जरूरी है। खाने में विटामिन ए, ई और सी को जरूर शामिल करें। ये आंखों के लिए आवश्यक हैं। दूध और दूध से बने पदार्थ, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंडा, पपीता, गाजर विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं, इनको अपने आहार में शामिल करें। काम के बीच में भी स्वस्थ और विटामिन युक्त हेल्दी स्नैक लेते रहें।

## आंखों के व्यायाम

काम के बीच में आंखों में थकान हो जाती है, इससे बचाने के लिए काम के दौरान ही आंखों के व्यायाम कीजिए। अपनी हथेली और उंगली से आंखों को बंद करके उनपर मालिश करें। बीच-बीच में आंखों की पुतलियों को चारों ओर घुमाएं। इससे आंखों को आराम मिलता है। बीच-बीच में पानी के छींटे भी मार सकते हैं। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए भरपूर नींद जरूरी है, कम से कम आठ घंटे की नींद लें, आंखों में अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पादों का ही प्रयोग करें। अपनी आंखों की नियमित रूप से जांच कराएं।



# भोजन के समय पानी पीने के नुकसान



**यूं** तो पानी पीना एक अच्छी आदत है। किसी भी रोग को दूर भगाने के लिए पानी एक रामबाण इलाज है। लेकिन क्या आपको पता है खाना खाते समय पानी पीना कितना हानिकारक है आपके स्वास्थ के लिए? इसका सीधा असर आपकी पाचन शक्ति पर होता है। कभी भी खाना खाने के आधे घंटे या 1 घंटे तक पानी नहीं पीना चाहिए।

## क्यों न पीएं भोजन के दौरान पानी

भोजन के समय पानी पीने से यह पेट की सतह द्वारा सोख लिया जाता है। यह प्रक्रिया तब तक चलती रहती है जब तक कि पेट में पाचन के लिए जरूरी द्रव्य इतने अधिक गाढ़े न हो जाएं कि वे भोजन को पचा सकें। लेकिन खूब सारे पानी पीने के कारण यह द्रव्य पेट में मौजूद भोजन से भी अधिक गाढ़ा हो चुका होता है, ऐसे में भोजन पचाने के लिए पेट में गैस्ट्रिक जूस बनना शुरू हो जाता है। परिणाम स्वरूप भोजन नहीं पचता और सीने में जलन होती है।



## महत्वपूर्ण बातें

- यदि भोजन सादा हो तो भोजन के समय पानी न पीना लाभकारी होता है। लेकिन जब भोजन अधिक तीखा, मिर्च-मसालेदार, नमकीन, खट्टा हो तो पानी पीना आवश्यक है, ऐसे में पानी पीने से आपके शरीर को कोई नुकसान नहीं होगा।
- इसके विपरीत यदि भोजन प्राकृतिक हो और भोजन को अच्छी तरह से चबा-चबाकर खाते हैं तो भोजन के बीच पानी पीने की कोई आवश्यकता नहीं होती।
- तीखा या चटपटा भोजन करते समय ध्यान रखें कि प्यास लगने पर एक या दो घूंट पानी ही पीएं। ज्यादा पानी से पाचन सही से नहीं हो पाता है।
- भोजन करते समय अगर आपको खांसी आती हो और भोजन के बीचमें पानी पीने की जगह दूध, मट्ठा व दही का सेवन करें। इससे आपका भोजन सही से पच सकेगा।
- सर्दियों के मौसम में ठंडा पानी पीने से बचें क्योंकि इस मौसम में आपकी पाचन शक्ति काफी कमजोर होती है।
- भोजन के बीच में पानी पीने से शरीर में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है।
- भोजन के बाद एक कप गर्म पानी पीने से आपकी पाचन शक्ति ठीक रहती है और खाने को पचने में मदद मिलती है।
- अगर आप खाने के साथ अन्य कोई पेय पदार्थ जैस कोल्ड ड्रिंक य दूध लेते हैं तो यह आपके पाचन शक्ति के लिए ठीक नहीं हैं। क्योंकि खाना खाने के साथ यह पेय पदार्थ भी कुछ हद तक वैसा ही काम करते हैं जैसा कि पानी।

कुल मिलाकर पानी पीना सेहत के लिए बहुत अच्छा होता है, लेकिन दिन में पानी तो आप खूब पिएं लेकिन भोजन के साथ ज्यादा पानी न पिएं। आप सुबह उठकर खूप पानी पी सकते हैं, या दिन में थोड़ा-थोड़ा कर 3 से 4 लीटर पानी पी सकते हैं।

# डिलीवरी के बाद महिलाओं में होते हैं ये बदलाव

**जैसे** कि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं ठीक उसी प्रकार प्रसव के बाद भी महिला के शरीर में कई बड़े बदलाव आते हैं, विशेषकर पहले हफ्ते में। प्रसव के बाद महिलाओं के शरीर में बदलाव होना स्वाभाविक है। कुछ महिलाएं गर्भधारण के शुरूआत से ही अपना पूरा ख्याल रखती हैं, ऐसी महिलाओं के शरीर में प्रसव के बाद काफी कम बदलाव होते हैं। कई बार ऐसा लगता है कि यह महिला गर्भवती हुई ही नहीं थी। जबकि कई महिलाओं के शरीर में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलते हैं। फिर भी आमतौर पर प्रसव के बाद महिलाओं के शरीर में छोटे-छोटे बदलाव तो जरूर होते हैं।

## त्वचा में बदलाव

बच्चे के जन्म के बाद जिन महिलाओं की त्वचा रूखी होती है, उनकी त्वचा पहले से और भी अधिक रूखी हो जाती है। गर्भावस्था में स्तन, पेट और जांघों की त्वचा खिंच जाती है। इस खिंचाव के कारण महिलाओं के शरीर की त्वचा पर हल्के रंग के दाग दिखाई पड़ने लगते हैं।

## वज़न बढ़ना

गर्भावस्था की अवधि के दौरान लगभग सभी महिलाओं का वजन बढ़ जाता है। प्रसव के बाद भी महिलाओं का वजन अधिक ही बना रहता है। अधिक चिकनाईयुक्त भोजन करने, मेवे आदि के सेवन के कारण महिलाओं का भार बढ़ता चला जाता है। जिन महिलाओं का वजन अधिक होता है। उनके शरीर पर पके हुए लाल रंग के घाव दिखाई पड़ने लगते हैं। शरीर के वजन को कम करने के लिए किसी विशेषज्ञ की देखरेख में व्यायाम करना चाहिए।

## बालों का झड़ना

बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं के सर के बालों का टूटना, पतला होना, बालों का सफेद होना, बालों का न बढ़ना जैसी परेशानियां आम बात है। आमतौर पर यह खुद ही ठीक हो जाते हैं। इस समस्या से बचने के लिए पौष्टिक आहार लें और बालों की उचित देखभाल करें।

## दांतों में परेशानी

प्रसव के बाद महिलाओं के दांतों की चमक कम हो जाती है। दांतों में दरारे, दांतों में छेद, मसूड़ों का सूजना एवं मवाद का आना आदि समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती है।

## पैरों में बदलाव

महिलाओं में प्रसव के बाद शरीर के लिंगामेंट मांसपेशियों तथा दो हड्डियों के बीच बांधने वाली नलिकाएं ढीली हो जाती है, जिससे पैरों के आकार में परिवर्तन हो जाता है। प्रसव के बाद हड्डियों का आकार बदल जाता है। इस कारण महिलाओं के चाल में भी परिवर्तन आ जाता है। इसकी वजह से कमर तथा कूल्हों में दर्द है।

## मानसिक बदलाव

कई बार प्रसव के बाद महिलाओं को रोने का मन करता है। या कई अलग-अलग तरह के विचार दिमाग में आते हैं। यह शरीर में हुए हार्मोनल बदलाव के कारण हो सकता है।

# चुस्त रहने के लिए जरूरी है शरीर में पर्याप्त हो आयरन



**शरीर** को स्वस्थ रखने के लिए अन्य विटमिन की ही तरह आयरन से भरपूर आहार लेना भी बहुत जरूरी होता है। आयरन की जरूरत हीमोग्लोबिन बनाने के लिए होती है। यह लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाता है जो अंगों व ऊत्तकों में ऑक्सीजन वहन करने का काम करता है।

पर जब भी आयरन की बात आती है तो बेस्ट सोर्स के तौर पर पालक का नाम ही दिमाग में आ जाता है। लेकिन जानना होगा कि सिर्फ पालक ही आयरन का बेस्ट सोसज़ नहीं है। तो आइए आज हम आपको बताते हैं कि कैसे पोषक तत्वों और सप्लीमेंट्स के जरिए हम खून में आयरन की मात्रा बढ़ा सकते हैं।

## गुड़ खाकर दूर करें आयरन की कमी

अगर आयरन की पयाज़्त मात्रा न हो, तो इसका असर हमारे शरीर के कई अंगों पर पड़ता है। गुड़ एक ऐसा आहार है जिसमें आयरन बहुत अधिक पाया जाता है। गुड़ गन्ने से तैयार एक शुद्ध, अपरिष्कृत चीनी है। यह खनिज और विटमिन है जो मूल रूप से गन्ने के रस में ही मौजूद हैं।

गुड़ को चीनी का शुद्धतम रूप माना जाता है। गुड़ आयरन का एक प्रमुख स्त्रोत है और अनीमिया के शिकार व्यक्ति को चीनी के स्थान पर इसके सेवन की सलाह दी जाती है।

## इतने आयरन की जरूरत

सामान्य महिला को एक दिन में 18 मिलीग्राम आयरन की आवश्यकता होती है, गर्भावस्था के दौरान महिला को 27 मिलीग्राम आयरन लेना चाहिए। वहीं, पुरुषों को रोजाना 8 मिलीग्राम आयरन की जरूरत होती है। 14 से 18 साल की आयु की लड़कियों को 15 मिलीग्राम आयरन की रोजाना आवश्यकता होती है।

## आयरन अवशोषण ऐसे बढ़ाएं

शाकाहारी खाद्य पदार्थों में मौजूद आयरन आपके शरीर के ज्यादा से ज्यादा काम कैसे आए यह जानना भी जरूरी है। इसमें विटमिन सी आपकी मदद कर सकता है। ताजा सब्जियां और खट्टे फल विटमिन सी के सबसे अच्छे ीत हैं। इसके साथ ही आप चाहें तो मसूर के सूप में लाल शिमला मिर्च व अन्य सब्जियां डालकर पिएं।

यह सोचना गलत है कि पालक में ही सबसे ज्यादा आयरन होता है। रेड मीट में ज्यादा मात्रा में आयरन होता है जो फायदेमंद है। पर इसे ज्यादा मात्रा में नहीं खाना चाहिए।

- डॉ सरनजीत सिंह, स्पोर्ट्स मेडिसिन स्पेशियलिस्ट

## आयरन की कमी के लक्षण

- जीभ में दर्द
- बालों का झड़ना
- सिर में दर्द
- चक्कर आना
- थकान लगना
- भूख न लगना
- नाखूनों में सफेदी आ जाना
- कमजोरी

## इन फूड्स से मिलेगा आयरन

- **वेज:** फलियां, नट्स, बादाम, पालक और हरी पत्तेदार सब्जियां।
- नॉनवेजः रेड मीट और मछली
- फलः खजूर, तरबूज, सेब, अंगूर, अनार।

# रेसिपी

## करेले का चटपटा अचार



### सामग्री

1 किलो करेला
2 चम्मच नमक
1 चम्मच हल्दी
1 चम्मच सोंठ
1/4 कप मिर्च पावडर
1/4 कप भुनी और कुटी अजवायन
2 चम्मच सौंफ, भुना और पावडर किया हुआ
2 कप नींबू का रस एक कांच का जार

### विधि

करेले के ऊपर का कठोर हिस्सा चाकू से घिस लें, फिर उसे लंबा लंबा काट लें। करेले को नमक में मिलाएं और 3-4 घंटे के लिए रख दें। फिर करेले को हाथों से दबा कर निचोड़ लें और उसक बीज को निकाल कर साफ पानी से धो लें। उसके बाद फिर से करेले को निचोड़ें। अब मसाले में नींबू का जूस मिक्स करें, जिससे उसमें नमी आ जाए। फिर इस मसाले को करेले के अंदर भर कर उसे धागे से कटस कर लपेट दें, जिससे वह बंध जाए। अब इन करेलों को जार में भर दें और ऊपर से नींबू का रस मिला कर कवर कर दें। इसे 3-4 दिन धूप दिखा कर तीन चार हफ्तों बाद खाएं। एक बार जब करेले का अचार तैयार हो जाए तब इसे छोटे छोटे पीस में काट कर सर्व किया जा सकता है।

## रागी डार्क चॉकलेट



### सामग्री

100 ग्राम कंपाउंड डार्क चॉकलेट
2 अंडे 1/2 कप कैस्टर शुगर या ब्राउन शुगर
1/2 कप पिघला बटर
1/2 कप रागी आटा
1/2 चम्मच बेकिंग पावडर
2 टी स्पून विस्की

### विधि

ओवन को पहले 100 डिग्री सेल्सियस पर गरम कर लें। फिर कंपाउंड चॉकलेट को छोटे टुकड़ों में तोड़कर डबल बॉइलर में पिघला लें। फिर इसे किनारे रखें और ठंडा होने के लिए किनारे रख दें। एक बाउल में अंडे अच्छे से फेटें और उसमें शक्कर धीरे धीरे मिलाएं। अब पिघला चॉकलेट और पिघला बटर एक साथ मिक्स करें। फिर इस मिश्रण को अंडे और शक्कर वाले मिश्रण में मिक्स करें। अब रागी और बेकिंग पावडर को छान लें। फिर इसे पहले बताए गए मिश्रण में धीरे धीरे मिक्स करें। ध्यान रखें कि गांठे ना पड़ें। साथ ही ओवर मिक्स भी ना करें। अब आखिर में विस्की मिलाएं और आखिरी बार चलाएं। इस मिश्रण को बेकिंग टिन जो कि 6 इंच की चौड़ाई में हो, उसमें पलटें। इसे ओवन में 15 मिनट तक पकाएं और जब यह हो जाए तब उसमें फोर्क घुसा कर चेक कर लें। फिर इसे ओवन से निकाल कर ठंडा होने के लिये रखें। फिर इसे सर्व करें।

# ऑल टाइम फेवरेट शॉर्ट मिडी और वन पीस ड्रेसेज



**इस** बार सर्दी कम है, इसलिए पार्टी में ड्रेस का स्टाइल भी कुछ डिफरेंट होगा। यंगस्टर्स सेलिब्रेशन में लेटेस्ट फैशन कैरी कर रहे हैं। इसे देखते हुए मैटेलिक टच में वन पीस ड्रेस और गाऊन का ट्रेंड देखा जा रहा है। साथ ही लांग टॉप्स, शॉर्ट मिडी और लाइक्रा ड्रेस को भी गर्ल्स पसंद कर रही हैं। पार्टी में शॉर्ट ड्रेस के साथ ही स्पेशल दिखने के लिए सिल्वर और गोल्डन कलर में ड्रेसेस डिजाइन यूथ ने सबसे ज्यादा कराई हैं।

## लांग टॉप

यह एक तरह का टॉप है, जो थोड़ा डीप लेंथ का है। इसको लेगिंग्स, जेगिंग्स और जींस के साथ मैच किया जा सकता है। स्पेशल ओकेजंस को देखते हुए ये ड्रेस परफेक्ट है, क्योंकि इसे मलमल कॉटन से बनाया गया है, जो रात में लाइट से रिफ्लेक्ट होकर काफी चमकता है।

## मक्खी नेट शॉर्ट्स

मक्खी नेट शॉट्स का फैशन भी इन दिनों काफी पॉपुलर हो रहा है। फ्लॉवर इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाता है। ये ड्रेस दिखने में जितनी ट्रेंडी है पहनने में उतनी ही आरामदायक भी है। ये ड्रेस कूल और डिसेंट दोनों ही लुक देती हैं। सेलिब्रिटी से हिट हुआ शॉर्ट मिडी का फैशन अब सिटी में भी एंट्री मार चुका है। यह एक तरह का लांग टॉप होता है जिसे जींस, लेगिंग्स या जेगिंग्स के साथ तो पहना ही जा सकता है साथ ही इसको वन पीस की तरह से भी यूज किया जा सकता है। ये ड्रेस पहनने में काफी कम्फर्टेबल होती हैं।

## वेल्वेट ड्रेसेस

न्यू ईयर पार्टी के लिए लाइक्रा और वेल्वेट ड्रेसेस डिजाइन किए जा रहे हैं। वन पीस ड्रेस खासतौर पर फ्रिल पैटर्न में डिजाइन की जा रही हैं। वहीं, ईवनिंग गाउन से लेकर, वन पीस ड्रेसेस, स्कर्ट्स ज्यादातर ड्रेसेस फ्रिल पैटर्न में अवेलेबल हैं।

## मयंक की रफ्तार कैसी कम हुई बता नहीं सकता : क्रुणाल



**लखनऊ।** क्रुणाल पांड्या ने कहा है कि तेज गेंदबाज मयंक यादव की रफ्तार तीसरे मैच में ही कैसी कम हो गयी। ये उन्हें पता नहीं है हालांकि उन्होंने मयंक से बात की है जिससे वह ठीक लगे हैं। मयंक ने पहले दोनो ही मैचों में लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेलते हुए 156 किमी प्रति घंटे की गति से गेंदें फेंकीं थीं पर तीसरे मैच में उनकी गेंदें 140 की रफ्तार से ही आती दिखीं। उन्होंने केवल एक ही ओवर फेंका। क्रुणाल ने कहा कि वह टीम के लिए भविष्य में एक बेहतरीन गेंदबाज साबित होगा। वह नेट्स पर खूब अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। वह पिछले साल खेलने से रह गया था पर इस साल उसने अच्छी वापसी की है। उसमें अविश्वसनीय

## आरसीबी के खराब प्रदर्शन से निराश कोच फ्लावर बोले, बल्लेबाजों में ऑत्मविश्वास की कमी




**जयपुर।** रॉयल चैलेंजर बेंगलोर (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने अपनी टीम के खराब प्रदर्शन पर निराशा जतायी है। आईपीएल के इस 17 वें सत्र में आरसीबी को लगातार हार का सामना करना पड़ा है। फ्लावर ने कहा कि इस सत्र में अब तक केवल विराट कोहली ही अच्छा प्रदर्शन कर पाये हैं जबकि अन्य बल्लेबाज फार्म के लिए संघर्ष करते हुए दिखे हैं। कोच ने कहा कि अन्य बल्लेबाजों में आत्मविश्वास की कमी का भी अंदाजा हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी विराट ने 113 रनों की शानदार पारी खेली पर इसके बाद भी आरसीबी तीन विकेट पर 183 रन ही बना पायी। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स ने जोस बटलर के 58 गेंद में नाबाद 100 रनों की सहायता से मैच जीत लिया।

## पेरिस ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं भाला फेंक खिलाड़ी जेना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना का लक्ष्य आगामी पेरिस ओलंपिक में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। जेना ने पिछले साल अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 78.05 मीटर से बढ़ाकर 87.54 मीटर किया था जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। वह 10 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। वह 28 मई को ओस्ट्रावा, चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक और सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में भाग लेंगे। इस खिलाड़ी ने कहा कि डायमंड में बेहतर प्रदर्शन पर उनकी नजरें इसलिए लगी हुई हैं क्योंकि इससे मनोबल बढ़ता है।

इस खिलाड़ी ने साथ ही कहा कि आजकली देश में सभी प्रकार की



सहायता एथलीटों को मिल रही है। जेना ने कहा, देश में अब खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अब सफलता के लिए केवल उन्हें अपने पर भरोसा रखना होगा। जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपनी विचार धारा में सुधार करना होगा। उन्हें ये समझना होगा कि वे किसे से भी पीछे नहीं हैं।

जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को यह सोचने की जरूरत है कि वे किसी ने कम नहीं है क्योंकि देश में एथलीटों के लिए अभी पर्याप्त सुविधाएं हैं। जेना ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत ही वह पिछले दो माह तक गोल्ड कोस्ट में 35-दिवसीय प्रशिक्षण के लिए गये थे। उन्होंने कहा कि गोल्ड कोस्ट में प्रशिक्षण के अनुकूल मौसम के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं था जो भारत में उन्हें नहीं मिल सकता था। जेना ने कहा, '' हमारे पास यहां सब कुछ है, मैंने एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण लिया जहां सुविधाएं विश्व स्तरीय हैं। इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण काफी अच्छी तरह से खिलाड़ियों का ध्यान रखता है। खिलाड़ियों को सभी प्रकार की आर्थिक सहायता भी मिल रही है। उन्होंने कहा, '' हमारे एथलीट किसी मामले में कम नहीं हैं केवल उन्हें अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना होगा।''

## न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में यूसुफ और अब्दुल रज्जाक होंगे पाक टीम के कोच

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच बनाया है। न्यूजीलैंड टीम इस माह के अंत में होने वाले पाक दौर में पांच टी20 मैच खेलेगी। पीसीबी दो कोच इसलिए रखे हैं क्योंकि उसके पास अभी कोई मुख्य कोच नहीं है। इस मामले में उसकी विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत चल रही है पर किसी ने भी कोच बनने की मंजूरी नहीं दी है।

पीसीबी के अनुसार गिलेस्पी टेस्ट प्रारुप में मुख्य कोच के रूप में काम करने के लिए तकरीबन तैयार हो गये हैं। वहीं सीमिति ओवरों को लेकर कर्स्टन के साथ हुई चर्चा का अभी कोई परिणाम नहीं आया है। इसका कारण ये है कि वह अभी आईपीएल में व्यस्त हैं। गिलेस्पी सहमत हुए हैं पर उन्होंने अपनी फीस और पाकिस्तान में उपस्थित रहने के दिनों को लेकर



कुछ शर्तें रखी हैं। माना जा रहा है कि गिलेस्पी टी20 विश्व कप के बाद टीम के साथ होंगे। तब पाकिस्तान को बांग्लादेश, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान को आगे बढ़ाना है। अगर सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ तो कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप के नए कोच होंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 मैच की श्रृंखला 18 अप्रैल से शुरू हो रही है इसलिए बोर्ड ने यूसुफ और रज्जाक को कोचिंग की जिम्मेदारी दी है।

## आईपीएल 2024 में आज पंजाब किंग्स और सनराइजर्स के बीच होगा मुकाबला

**मोहाली, एजेंसी**

पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमों के बीच मंगलवार को यहां अहम मुकाबला होगा। आईपीएल के 17 वें सत्र में होने वाले इस मैच में जीत के लिए दोनो ही टीमें अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। दोनो ही टीमें अपने पिछले मैच में जीती थीं जिससे भी उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। दोनो का ही लक्ष्य ये मैच जीतकर अंकतालिका में अपना स्थान बेहतर करना होगा। इस सत्र में अब तक सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में दो-दो मुकाबले जीते हैं जबकि अन्य दो में दोनो को ही हार मिली है। ऐसे में दोनो के ही बराबर-बराबर चार-चार अंक हैं। अब दोनों की ही नजरें जीत हासिल करके तालिका में आगे बढ़ने की रहेंगी। सनराइजर्स की टीम ने अब तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस सत्र में अब तक उसके नाम सबसे अधिक स्कोर का भी रिकार्ड है। वहीं पंजाब की टीम के बल्लेबाज इस बार लय में

### शाम 7.30 बजे शुरू होगा मैच




नजर नहीं आये हैं। सनराइजर्स के पास पास अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे आक्रमक बल्लेबाज हैं। इन बल्लेबाजों ने अब तक के मैचों में शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया है। वहीं पंजाब की ओर से अब तक के मैचों में शिखर धवन के अलावा अन्य सभी खिलाड़ी विफल रहे हैं। जॉनी बेयरस्टो और लियाम लिविंगस्टोन के रुप में उसके पास बड़े खिलाड़ी है पर से अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इसके अलावा प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा का प्रदर्शन भी उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। दोनों ही टीमों की गेंदबाजी कमजोर है जिसका लाभ उनके बल्लेबाज उठाना चाहेंगे।

पंजाब की टीम के गेंदबाजों को डेथ ओवरों में संघर्ष करना पड़ा है जबकि सनराइजर्स के गेंदबाजों ने नई गेंद से काफी रन लुटाये हैं। पंजाब की ओर से अबतक दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा छह विकेट लेकर सबसे बेहतर गेंदबाज रहे हैं। डेथ ओवरों के मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल के कमजोर प्रदर्शन से टीम की परेशानियां बढ़ी हैं। उसके लेग स्पिनर राहुल चाहर ने भी काफी रन दिये हैं। हरप्रीत बरार ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर सनराइजर्स की बात करें तो जयदेव उनादकट, मयंक मारकंडे और भुवनेश्वर कुमार प्रभावहीन साबित हुए हैं। इनकी गेंदों पर जमकर रन बने हैं।

## आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स केकेआर अब तक रही हैं अजेय

**मुम्बई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 17 वें सत्र में अब तक 10 टीमों में से केवल तीन ही लगातार तीन मैच जीता हैं। इसमें से भी दो टीमें अब तक एक भी मैच नहीं हारी हैं। इनमें से एक है कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स और श्रेयस अय्यर की कोलकाता नाइटरराइडर्स (केकेआर) है। वहीं लखनऊ सुपरजायंटस ने जीत की हैट्रिक लगायी है पर उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा है। सबसे हैरानी की बात है कि राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन अभी तक टीम इंडिया में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं लेकिन उनकी टीम अभी आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर है।

सैमसन की टीम टूर्नामेंट की पिछली 4 मैच में अजेय रही है। राजस्थान इस इस बार जबरदस्त खेल दिखाया है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से ही अब तक चार लगातार मैच संजू सैमसन की टीम ने जीते हैं। दिल्ली कैपिटल्स के अलावा, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को भी राजस्थान ने हराया है।

वहीं केकेआर एक और टीम है कोलकाता नाइटरराइडर्स जिसके खाते में लगातार तीन जीत है. राजस्थान की तरह ही यह टीम अब तक अजेय रही है। वहीं जीत की हैट्रिक लगाने में कप्तान केएल राहुल की लखनऊ सुपर जायंट्स का नाम भी है।पहले मैच में राजस्थान से हारने के बाद लखनऊ ने पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने मुकाबले जीते हैं।

# बिजनेस

## वित्त वर्ष 2023-24 में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी**


भारत में यात्री वाहन, तिपहिया वाहन और ट्रैक्टर की रिकॉर्ड बिक्री की वजह से मोटर वाहन खुदरा बिक्री में वित्त वर्ष 2023-24 में दोहरे अंक की बढ़ोतरी देखी गई। डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष में मोटर वाहन खुदरा बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 2,45,30,334 इकाई हो गई, जबकि 2022-23 में यह 2,22,41,361 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र ने दोपहिया, तिपहिया, यात्री वाहन (पीवी), ट्रैक्टर तथा वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के दम पर विभिन्न खंड में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। उन्होंने कहा कि खासकर यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों और ट्रैक्टरों की पिछले वर्ष रिकॉर्ड बिक्री हुई। वहीं मार्च में कुल पंजीकरण सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,27,177 इकाई रहा। मार्च 2023 में 3,43,527 इकाइयों की तुलना में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री छह प्रतिशत घटकर 3,22,345 इकाई रही। हालांकि, पिछले महीने दोपहिया वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 15,29,875 इकाई हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 14,50,913 इकाई था। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 1,05,222 इकाई हो गई। वाणिज्यिक वाहन की बिक्री पिछले महीने छह प्रतिशत घटकर 91,289 इकाई रह गई, जो मार्च 2023 में 96,984 इकाई थी।

## सोना पहली बार 71 हजार के पार

### इस साल अब तक 7,762 रुपए बढ़े दाम, चांदी का भाव 81 हजार प्रति किलो ग्राम हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोना आज यानी सोमवार (8 अप्रैल) को एक बार फिर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, कारोबार के दौरान आज 10 ग्राम सोना 1182 रुपए महंगा होकर 71,064 रुपए का हो गया है।



चांदी भी आज अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। एक किलो चांदी का भाव 2287 रुपए बढ़कर 81,383 रुपए हो गया है। एक दिन पहले ये 79,096 रुपए पर थी। इससे पहले 4 अप्रैल को चांदी ने 79,337 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 7,762 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। वहीं अकेले मार्च में सोना 4 हजार रुपए से ज्यादा महंगा हुआ है। ये 62,592 रुपए प्रति ग्राम से 67,252 रुपए पर पहुंच गया।

साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16त्न) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 85 हजार प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

## रुपया आठ पैसे बढ़कर 83.23 डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** घरेलू बाजारों में तेजी और विदेशी कोषों के प्रवाह के बीच रुपया सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में आठ पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.23 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहा है कि कच्चे तेल की कीमतें नरम पड़ने से निवेशकों की भावनाओं को बल मिला, जबकि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.27 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद वह 83.23 प्रति डॉलर आ गया जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.31 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.34 पर कारोबार कर रहा था।

## टाटा स्टील की बिक्री बढ़कर दो करोड़ टन हुई

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष 2023-24 में छह प्रतिशत बढ़कर 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली। टाटा स्टील ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही।

## सेंसेक्स 74,869 और निफ्टी ने 22,697 का ऑलटाइम हाई बनाया

### ऑटो और रियल्टी शेयरों में रही तेजी, सीईओ के इस्तीफे के बाद 6.21 प्रतिशत गिरा बंधन बैंक

**मुंबई, एजेंसी**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज 8 अप्रैल को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स ने 74,869 का और निफ्टी ने 22,697 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और संसेक्स 494 अंक की तेजी के साथ 74,742 के स्तर पर बंद हुआ।



वहीं, निफ्टी में भी 152 पॉइंट की तेजी रही, ये 22,666 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिल रही है। इसके अलावा बंधन बैंक के शेयर में 6.21 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। दरअसल, कंपनी के शेयर पर ये दबाव सीईओ चंद्र शेखर घोष के इस्तीफे के बाद आया। NSE के सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो निफ्टी ऑटो में सबसे ज्यादा 2.16 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा निफ्टी रियल्टी में 1.33 प्रतिशत, निफ्टी ऑयल एंड गैस में 1.45 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.83 प्रतिशत की तेजी है। जबकि, निफ्टी PSU बैंक में 0.89 प्रतिशत, निफ्टी मीडिया में 0.77 प्रतिशत और IT सेक्टर में 0.52 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (5 अप्रैल) को शेयर बाजार में मामूली बढ़त देखने को मिली थी। सेंसेक्स 20 अंक की बढ़त के साथ 74,248 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में कोई बढ़त या गिरावट नहीं रही, ये फ्लैट 22,513 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी देखने को मिली।

## बैटरी सेल के मामले में टाटा की बराबरी कर लेगी मारुति सुजूकी

### 2035 तक 20 प्रतिशत तक मांग पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ताजा अनुमान है कि साल 2035 तक मारुति सुजूकी इंडिया बैटरी सेल के मामले में टाटा की मांग बराबरी कर लेगी और इस साल बाद में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की शुरुआत से उसे बढ़ावा मिलेगा। हल्के वाहनों के लिए भारतीय ईवी बैटरी बाजार के संबंध में एसऐंडपी मोबिलिटी ने एक रिपोर्ट में कहा है कि हालांकि वर्तमान में ईवी बाजार में मारुति की हिस्सेदारी कम है लेकिन बैटरी सेल की इसकी मांग साल 2035 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो टाटा की 22 प्रतिशत हिस्सेदारी से कुछ ही कम होगी। उम्मीद है कि तीसरी प्रमुख कंपनी ह्युंडै ईवी क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करेगी, विशेष रूप से हल्के वाहनों में, जिसमें यात्री वाहन और टाटा ऐस जैसे 6 टन से कम वाले वाणिज्यिक वाहन शामिल हैं। हल्के वाहनों के लिए आयातित सेल पर भारत की निर्भरता जारी रहने के आसार हैं। एसऐंडपी ग्लोबल के अनुसार साल 2030 तक हल्के वाहनों को चलाने के लिए आवश्यक कुल बैटरी सेल का केवल 13 प्रतिशत ही घरेलू स्तर पर उत्पादित हो सकेगा। शेष हिस्से के लिए बाहर से आपूर्ति होगी। एसऐंडपी का यह भी अनुमान है कि साल 2030 तक 23 प्रतिशत बैटरी मॉड्यूल भारत में निर्मित किए जाएंगे, जो मौजूदा नगण्य मात्रा की तुलना में अधिक है। हालांकि बैटरी पैक के मामले में, जिनमें से 50 प्रतिशत का उत्पादन पहले ही भारत में होता है, साल 2030 तक यह आंकड़ा कुछ कम होकर 48 प्रतिशत रह सकता है।

## अदाणी समूह रिन्युएबल एनर्जी में 1 लाख करोड़ निवेश करेगी

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की अदाणी ग्रीन एनर्जी आने वाले कुछ सालों में भारी निवेश करने की योजना बना रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अदाणी ग्रीन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अदाणी ग्रीन अगले पांच सालों में गुजरात के कच्छ में अपने खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना स्थल पर 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ये निवेश परियोजना में 30 गीगावाट की क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी। खावड़ा में 538 वर्ग किमी बंजर भूमि पर काम चालू है। परियोजना में काम शुरू होने के एक साल के अंदर ही कंपनी ने परियोजना के लिए नियोजित कुल 30 गीगावाट में से 2 गीगवाट का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी खावड़ा परियोजना को और बड़ा करने के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश तो करेगी ही इसी के साथ कंपनी साल 2030 तक नवीकरणीय उर्जा के अपने प्रोजेक्ट्स जो कि अन्य स्थानों पर हैं ।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com

## न्यूज इन शॉर्ट

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बालाघाट प्रवास पर

**विजय मत, भोपाल।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 9 अप्रैल मंगलवार को बालाघाट जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रधानमंत्री जी इस दौरान बालाघाट में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी दोपहर 2.30 बजे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### सीएम मोहन यादव आज आएंगे मैहर, नवरात्रि के पहले दिन मां शारदा के दर्शन कर करेंगे चुनावी सभा

**विजय मत, भोपाल।** सीएम मोहन यादव सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर जबलपुर से हेलीकॉप्टर से मैहर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले माता शारदा के दर्शन करने जाएंगे और फिर उनका आशीर्वाद लेकर चुनावी जनसभा में शामिल होंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को मैहर आएंगे। मुख्यमंत्री नवरात्रि के पहले दिन यहां माता शारदा के दर्शन करेंगे। इसके बाद एक चुनावी जनसभा में शामिल होंगे। सीएम के मैहर आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। लोकसभा चुनावी मौसम में सीएम यादव सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर जबलपुर से हेलीकॉप्टर से मैहर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले माता शारदा के दर्शन करने जाएंगे और फिर उनका आशीर्वाद लेकर चुनावी जनसभा में शामिल होंगे। मैहर के घंटाघर में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित जनसभा में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री दोपहर 11 बजकर 20 मिनट पर हेलीकॉप्टर से बालाघाट रवाना हो जाएंगे। सीएम मोहन यादव के दौरे से पहले तैयारियों को लेकर जायजा लेने एएसपी मुकेश कुमार वैश्य व विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी भी पहुंचे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सासंद विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेशवासियों को हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा की दी शुभकामनाएं

**विजय मत, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को गुड़ी पड़वा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुख समृद्धि की कामना की है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कामना की है कि शक्ति की आराधना का यह पर्व प्रदेश के नागरिकों के विकास तथा खुशहाली की ओर कदम बढ़ाने की शक्ति प्रदान करेगा। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि हमारी संस्कृति में सभी त्योहारों को हर्ष, उत्साह और सद्भाव के साथ मनाने की परंपरा रही है। शर्मा ने प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना करते हुए कहा है कि नव संवत्सर हमें पुरानी असफलताओं को भूलकर नई ऊचाईयों को हासिल करने का संदेश देता है।

### प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया शोक

**विजय मत, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने महान संत शिवशंकर चैतन्य भारती महाराज के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि उनका अवसान धर्म जगत के लिये बड़ी क्षति है। बाबा विश्वनाथ की सेवा और भक्ति को समर्पित उनका जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### मतदाता जागरूकता के लिए मतदान गीत और जिंगल की हुई लान्चिंग

**विजय मत, भोपाल।** मतदान गीत और जिंगल की लान्चिंग मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नोडल स्वीप ऋतुराज सिंह ने रविवार को मेगा लकी ड्रा की ओपनिंग के अवसर पर की। इस अवसर पर न्यू मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष एवं चेम्बर आफ कामर्स के प्रवक्ता अजय देवनानी उपस्थित थे। मतदान जिंगल को लिखा ओर स्वर डा. रविकांत ठाकुर ने दिया है। साथ ही गायिका आकृति मेहरा ने गाया है। इसे कंपोज नामदेव ने, संकल्पना सहायक नोडल रीतेश शर्मा द्वारा की गई है। इस अवसर पर दो योजना मतदाताओं के लिए जिला प्रशासन भोपाल द्वारा शुरू की गई। पहले दिन रविवार को 70 यूथ वोटर्स ने काल किया। इसी प्रकार न्यू मार्केट व्यापारी संघ एवं चेंबर आफ कामर्स के सहयोग से मेगा लकी ड्रा का प्रारंभ किया गया है। जिसमें न्यू मार्केट पर लकी ड्रा के ड्राप बाक्स रखे गए तथा वहां पर लोगों से लकी ड्रा भरवाए। इस मेगा लकी ड्रा को 7 मई के बाद घोषित किया जाएगा। इसके लिए मतदाता को अपना लकी ड्रा कूपन भर के ड्राप बाक्स में डालना होगा तथा आवश्यक रूप से मतदान करने जाना होगा। यदि वह विजेता होते हैं तो उन्हें अमिट स्याही दिखानी होगी, उन्हें आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा।

**जीतू पटवारी का स्वभाव झूठ बोलकर चरित्र हत्या करने का है**

# राहुल गांधी को हिंदी और जीतू पटवारी को गिनती नहीं आती: मिश्रा

**विजय मत, भोपाल**

कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी राहुल गांधी के पक्के चेले है। राहुल गांधी को हिन्दी नहीं आती और जीतू पटवारी को गिनती नहीं आती इसलिए उन्हें कांग्रेस में मची भगदड़ को वह नही गिन पा रहे है। 336 का जो आंकड़ा जीतू पटवारी बता रहे हैं उतनी संख्या से ज्यादा तो सिर्फ जनप्रतिनिधि जैसे विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद सदस्य, पार्षद भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की नीति,



नेतृत्व व नियत से प्रभावित होकर भाजपा में सम्मिलित हुए है। 6 अप्रैल को बूथों पर 2,82,242 नए लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री एवं न्यू ज्वॉनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भाजपा प्रदेष मीडिया सेन्टर में पत्रकार-वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही।

### कांग्रेसी जानते है कि योग्यता और क्षमतओं का सम्मान सिर्फ भाजपा में होता है

उन्होंने कहा कि वास्तव में जो लोग कांग्रेस से भाजपा में आ रहे है उन्हें भी यह पता है कि उनकी योग्यता और क्षमतओं का सम्मान सिर्फ और सिर्फ भाजपा में ही हो सकता है क्योकि हमारे यहा प्रत्येक कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित के काम के लिए अलग-अलग दायित्व दिया जाता है। आज हमारे वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते का फोटो राहुल गांधी की सभा स्थल के पोस्टर में लगाकर कांग्रेस ने अपना वैचारिक दोगलापन प्रदर्शित किया है। आज कांग्रेस को हमारे वरिष्ठ आदिवासी नेता की फोटो लगाने की आवष्यकता क्यो पड़ी? निष्चित रूप से कांग्रेस अपनी हार की बौखलाहट में हमारे सांसद प्रत्याशी का फोटों अपने पोस्टर में लगा रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, न्यू ज्वॉनिंग टोली के प्रदेश सह संयोजक संजय वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, प्रदेश मीडिया सेंटर के सदस्य सत्येन्द्र जैन उपस्थित रहे।

### कांग्रेस में भगदड़ की स्थिति

डॉ. मिश्रा ने कहा कि जीतू पटवारी ने अगर एकला चलो की नीति को छोड़कर अपने वरिष्ठ कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंगार जैसे लोगों से चर्चा कर ली होती तो शायद आज वह मजाक का पात्र नहीं बनते। यह जीतू पटवारी की नेतृत्व क्षमता पर प्रष्न चिन्ह है कि क्यो उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में लाखों की संख्या में लोग कांग्रेस छोड रहे है।

### जीतू पटवारी का स्वभाव झूठ बोलने का है

डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि अकेले छिंदवाड़ा से जितने संख्या में कांग्रेसी भाजपा में आये है वह अपने आप में रिकार्ड है। जीतू पटवारी का स्वभाव ही झूठ बोलकर चरित्र हत्या करने का रहा है। जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस में जनजाति समुदाय का भी अपमान हो रहा है इसलिए हम यह देख रहे है कि नेता प्रतिपक्ष होने के बावजूद उमंग सिंगार कांग्रेस के प्रचार अभियान से गायब है। यही सोच इतिहास में भी तत्कालिन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की भी थी जिससे परेषान होकर उमंग सिंगार की बुआ स्वर्गीय जमुनादेवी ने सार्वजनिक मच्चों से कहा था कि ''मैं दिग्विजय सिंह की भटटी में जल रही हूँ''।

# सदस्यता का आकड़ा 4 लाख 50 हजार तक पहुंचेगाः शर्मा



**विजय मत, ब्यूरो, पन्ना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमें लक्ष्य दिया था कि प्रत्येक बूथ पर पिछ्ले चुनावों में मिले सर्वाधिक मतों में 370 नए मत जोड़ने का प्रयास पूरे प्रदेश में करना है। जिसके निमित्त भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में न्यू जॉइनिंग का अभियान चलाया गया, जिमसें अन्य दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सक, कलाकार एवं खिलाड़ी सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को पन्ना के भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

### न्यू ज्वॉनिंग के संकल्प को बूथ कार्यकर्ताओं ने जमीन पर उतारा

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बूथ के कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को 64523 बूथों पर 1 लाख से अधिक ज्वॉनिंग का संकल्प लिया गया था, जिसे बूथ कार्यकर्ताओं ने इतने व्यापक तौर पर जमीन पर उतारा और 64523 बूथों में से संगठन एप में रियल टाइम अपलोड किये गये 47,179 ऑन रिकॉर्ड बूथों पर 2,82,242 नए लोगों ने भाजपा की सदस्य ग्रहण की है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी 64523 बूथों का आकड़ा आने पर संभवतः कुल सदस्यता 4 लाख, 50 हजार होगी।

*__भाजपा का कारवां तेज गति से बढ़ रहा, निरंतर जनता का स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा...__ प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रदेश भर में सदस्यता अभियान के अंतर्गत लगातार सभी समाज वर्गों के लोग भी पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं का कार्य अभिनंदनीय है, जिन्होंने दिये गये टास्क को पूरा किया है। भाजपा न्यू ज्वॉनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा सहित टोली के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।*

# चंदेरी पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के पुत्र महाआर्यमन, कहीं बनाई चाय तो कहीं तले समोसे

**विजय मत, ब्यूरो, अशोक नगर**

गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महाआर्यमन सिंधिया अशोकनगर जिले की दौर पर रहे, जहां वे चंदेरी, मुंगावली और अशोक नगर तीनों जगहों पर युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल रहे। गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र हमेशा सुर्खियों में बना रहता है, क्योंकि पिछली बार यहां पर ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा कांग्रेस पार्टी से सांसद का चुनाव लड़ा गया था अब और भाजपा में शामिल होने के बाद यह उनके यहां पर भारतीय जनता पार्टी में पहला चुनाव होने जा रहा है।

पिछली बार की तरह इस बार भी सिंधिया का परिवार चुनाव में लगा हुआ है। पिछली बार भी यहां पर प्रियदर्शनी राजे सिंधिया के द्वारा चुनाव कैंपेनिंग की गई थी और अब इस बार भी कुछ दिन पहले ही प्रियदर्शनी राजे सिंधिया के द्वारा यहां पर चुनावी सभा में शामिल हुई थी। अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के पुत्र महानार्यमन सिंधिया के द्वारा युवा संवाद सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महानार्यमन सिंधिया ने चाय भी बनाई और कहीं वो समोसे भी तलते दिखे।



### साड़ी दुकान पर पहुंचे

इसके साथ ही साड़ी दुकान पर पहुंच कर उन्होंने अपनी मां की साड़ी व्यापारी से बात भी कराई, जिसमें चंदेरी की साड़ी को भी खरीदा और मां जागेश्वरी माता के दर्शन भी किए। यहां पर उन्होंने महिलाओं के साथ भजन भी बैठ कर गाया, जिसके बाद मुंगावली में युवा सम्मेलन में शामिल होकर युवाओं में भारतीय जनता पार्टी को 400 पार के साथ ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए भी जीत का जोश भरा।

# पं. कमल किशोर नागर की कथा में पहुंचे सीएम मोहन यादव, कांग्रेस को दी सलाह

**विजय मत, ब्यूरो, इंदौर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को आज आत्म मूल्यांकन की आवश्यकता है, वह अपने आत्ममूल्यांकन के साथ अगले चुनाव की तैयारी करे। इंदौर के जम्बूड़ी हप्सी स्थित गोवर्धन गोशाला में पंडित कमल किशोर नागर की कथा चल रही है। सोमवार को दोपहर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 बजे यहां पहुंचे। कथा में शामिल होने के बाद वे ग्वालियर के लिए रवाना हुए। कथा में शामिल होने के बाद सीएम ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस ने एक हारी हुई लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस ने पहले खजुराहो में मैदान छोड़ा और अब मंडला में उनके प्रत्याशी का फोटो भी वे



नहीं लगा रहे हैं। वहां पर तो उन्होंने हमारे प्रत्याशी का ही फोटो लगा दिया है। इससे साफ पता चलता है कि कांग्रेस गंभीर नहीं है। आज कांग्रेस को आत्म मूल्यांकन की आवश्यकता है। पहले वह आत्ममूल्यांकन करे फिर अगले चुनाव की तैयारी करे।

*__प्रदेश में सभी सीटें भाजपा को मिलेंगी...__ सीएम मोहन यादव ने आगे कहा कि पीएम मोदी तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में देश ने जो विकास किया है उसे पूरी दुनिया देख रही है। इस बार प्रदेश में भी भाजपा को सभी लोकसभा सीटें मिलेंगी। कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाएगी।*

# भाजपा पर भड़के कमलनाथ, कहा- भाजपा सरकार में सबसे अधिक भ्रष्टाचार, करते कुछ नहीं उनकी बातें बड़ी-बड़ी

**विजय मत, ब्यूरो, छिंदवाड़ा**

कमलनाथ ने चांदमोटा में कहा कि भाजपा सरकार में सबसे अधिक भ्रष्टाचार है। छिंदवाड़ा में ये लोग इसलिए भ्रष्टाचार नहीं कर पाते, क्योंकि इन्हें डर है कि यहां कमलनाथ है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव के लिए परासिया विधानसभा के चांदामेटा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। वे बेटे नकुलनाथ के लिए चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं।



कमलनाथ ने चांदमोटा में कहा कि भाजपा सरकार में सबसे अधिक भ्रष्टाचार है। छिंदवाड़ा में ये लोग इसलिए भ्रष्टाचार नहीं कर पाते, क्योंकि इन्हें डर है कि यहां कमलनाथ है। भाजपा वाले केवल बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन असल में कुछ करते नहीं। यह कहते थे 450 रुपये में गैस का सिलेंडर देंगे। क्या किसी को 450 में गैस का सिलेंडर मिल रहा है? यह कहते थे- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपये क्विंटल और धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल देंगे, लेकिन किसी को दिया क्या?

कमलनाथ ने कहा कि रोजगार मेरी सबसे पहली प्राथमिकता है। जो बच्चे सिर्फ सातवीं-आठवीं तक पढ़े हैं उनके लिए भी मैंने रोजगार की व्यवस्था की है। मैंने स्किल डेवलपमेंट सेंटर और ड्राइविंग लर्निंग सेंटर खुलवाए ताकि कम शिक्षित बच्चे भी ट्रेनिंग हासिल कर सकें और रोजगार प्राप्त करें। चुनाव के बाद आप लोग जाकर ट्रेनिंग सेंटर देखिएगा। अपने और आसपास के बच्चों को वहां पढ़ने भेजिए। यह बच्चे आज बाहर जाकर 60-70000 रुपये महीने कमाते हैं। 30-40 हजार परिवार को भेजते हैं। इससे गांव की आर्थिक गतिविधि चलती है। कमलनाथ ने कहा कि मैंने छिंदवाड़ा में 6000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बनाईं। हाईवे बनाए। सड़कों से आवागमन तो बेहतर हुआ, लेकिन साथ ही स्थानीय लोगों को सड़क निर्माण के लिए रोजगार भी मिला। मैं मुख्यमंत्री था तो मैंने पहली किस्त में छिंदवाड़ा के 80000 किसानों का कर्ज माफ किया।

**भारत निर्वाचन आयोग ने मीडिया कव्हरेज के लिए जारी किये दिशा-निर्देश**

# मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा

**विजय मत, भोपाल**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिये मीडिया कव्हरेज के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आयोग ने कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा।

टीवी चैनलों में पैनल चर्चा/बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेन्ट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है। पैनलिस्टों/प्रतिभागियों द्वारा अपील करने पर उन्हें किसी पार्टी विशेष या उम्मीदवार की संभावना को बढ़ावा देने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के रूप में माना जा सकता है।

# होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन का मनाया जन्मदिन

**विजय मत, भोपाल**

होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिन के अवसर पर भोपाल में कॉन्फ्रेंस आयोजन समिति के सदस्य डॉ. योगेंद्र मुखरैया ने बताया कि हेल्थ प्लस होम्यो क्लिनिक एवं रिसर्च सेंटर एवं डॉ. जेपीएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन के जन्मदिन पूर्व संध्या में कार्यक्रम को लेकर पूर्व प्राइड ऑफ होम्योपैथी 2024 नैशनल होम्योपैथी कॉन्फ्रेंस रीजनल साइंस सेंटर भोपाल में आयोजित किया गया मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी रहे। कांफ्रेंस में देश के जाने माने डॉक्टर नैशनल अवार्ड विनर्स डॉ. डीएस चंदेल, डॉ.जूही गुप्ता, डॉ.जकारिया, डॉ.शौकत अली, डॉ. हर्षिता शांडिल्य ने आए हुए डेलिगेट्स को एडवांस होम्योपैथी एवं एवं उनके अनुभव बताए। इस अवसर पर आयोजन समिति के डॉ.अमित राजपूत, डॉ.निहारिका व्यास, डॉ.योगेंद्र मुखरैया एवं 250 डेलिगेट्स उपस्थित थे।



**खास-खबर** | **भोजशाला में एएसआई सर्वे के 18वां दिन**

# अकलकुंय्या की हुई नपाई, 14 गड्डे चिह्नित, सात जगह चल रहा उत्खनन

**विजय मत, ब्यूरो, धार**

धार की भोजशाला में एएसआई सर्वेक्षण 18 दिन से जारी है। सोमवार के सर्वेक्षण में बड़ा अपडेट ये है कि भोजशाला परिसर के पास स्थित अकलकुंय्या की भी नपती हुई। भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार की भोजशाला में एएसआई सर्वेक्षण का काम तेजी से चल रहा है। भोजशाला में आज सर्वे का 18वां दिन है। आज एएसआई के 19 अधिकारी और 33 मजदूरों ने भोजशाला में प्रवेश किया।

एएसआई की टीम सुबह 8 बजकर 5 मिनट पर भोजशाला पहुंची। भोजशाला में सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। टीम ने भोजशाला में 14 गड्डे चिह्नित किये हैं। लगभग 7 जगह उत्खनन चल रहा है। भोजशाला से तीन हजार से ज्यादा तगारी मिट्टी भी बाहर फेंकी गई। कल सर्वे टीम ने भोजशाला के अंदर बाहर से भी मिट्टी हटाई। वहीं, भोजशाला में अंदर पत्थरों की ब्रसिंग की गई और उसके आसपास से मिट्टी हटाकर फोटो लिए गए। बड़ा अपडेट ये है कि भोजशाला परिसर के पास स्थित अकलकुंय्या की भी नपती हुई। वहीं भोजशाला में स्थित हवनकुंड से मिट्टी हटाई गई थी।




गोपाल शर्मा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि आज सर्वे का 18वां दिन है और कार्य प्रगति पर है। समय अवधि में हम निर्णायक भूमिका में पहुंचने वाले हैं। जिन उद्देश्यों को लेकर यह पिटीशन दायर हुई थी वो सार्थक सिद्ध होगी। कल अकलकुंय्या का भी सर्वे हुआ है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह अकलकुंय्या राजा भोज द्वारा स्थापित सरस्वती कूप है। राजा भोज द्वारा लिखित चारु चर्या नामक पुस्तक में इसका उल्लेख है कि आर्यात्रत में सात स्थानों पर आह्वान करके सरस्वती कूप स्थापित किए गए थे, जहां-जहां गुरुकुल होते थे। विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन और बुद्धि तीक्ष्ण हो इसके लिए उन्हें इस जल का सेवन करवाया जाता था, जिससे उनकी बुद्धि तीक्ष्ण होती थी। ज्ञान बढ़ता था, याददाश्त अच्छी रहती थी।

# बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं अभिनेत्री पूनम ढिल्लो, खुशहाली का मांगा आशीर्वाद

**विजय मत, ब्यूरो, उज्जैन**

महाकाल मंदिर में सोमवार को प्रसिद्ध अभिनेत्री रहीं पूनम ढिल्लो दर्शन के लिए पहुंचीं, उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ नंदी हॉल में तिलक लगवाया। शिव जाप किया। सोमवती अमावस्या पर सोमवार को प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लो बाबा महाकाल के दर्शन के लिए महाकाल मंदिर पहुंचीं। जहां उन्होंने परिवार के साथ नंदी हाल से बाबा महाकाल के दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

विश्व प्रसिद्ध बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक महाकाल मंदिर में सोमवार को प्रसिद्ध अभिनेत्री रहीं पूनम ढिल्लो दर्शन के लिए पहुंचीं,



उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ नंदी हॉल में तिलक लगवाया। शिव जाप किया। इसके बाद वे मंदिर परिसर में स्थित ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचीं, जहां आपने श्री ओंकारेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया और फिर गणेश मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश का आशीर्वाद लेकर कलावा भी बंधवाया। प्रसिद्ध अभिनेत्री रही पूनम ढिल्लो ने भगवान महाकाल के दर्शन कर अपने आपको धन्य माना।